

दैनिक
पुष्पांजली टुडे
MPHIN/2021/83938
नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 299 | ग्वालियर, रविवार 20 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

पीएम मोदी ने किया ग्लोबल डिजिटल फ्यूचर का जिक्र, कहा- दुनिया से भारत अनुभव शेयर करने को तैयार

मोदी ने शनिवार (19 अगस्त) को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है और जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है. बेंगलुरु में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रिस्तरीय बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है.प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत एक विविधतापूर्ण देश है. हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं. यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है. भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है.'' उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है.प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को दुनियाभर में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है.'' प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ

अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है.पीएम मोदी ने कहा कि कोई पीछे न छूटे, यह सुनिश्चित करने के लिए देश ने ऑनलाइन एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा 'इंडिया स्टैक्स' बनाया है. प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिभागियों से डिजिटल कौशल को लेकर एक ऑनलाइन केंद्र स्थापित करने के प्रयास करने का आह्वान किया.उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ ही इसके समक्ष आने वाली सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के प्रति जी20 प्रतिनिधियों को आगाह करते हुए 'सुरक्षित, विश्वसनीय और लचीली डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए जी20 उच्चस्तरीय सिद्धांतों% पर सर्वसम्मति बनाने की जरूरत पर जोर दिया.प्रधानमंत्री ने कहा, ''जी20 में हमारे पास एक समावेशी, समृद्ध और सुरक्षित वैश्विक डिजिटल भविष्य की नींव रखने का एक अनूठा अवसर है. हम डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से वित्तीय समावेशन और उत्पादकता को शामिल कर सकते हैं.''डिजिटल अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत सरकार की ओर से किए गए प्रयोगों के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि जनधन खाते, आधार और मोबाइल फोन ने वित्तीय लेनदेन में क्रांति ला दी है. प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम कृत्रिम मेधा आधारित भाषा अनुवाद मंच 'भाषिणी' तैयार कर रहे हैं, यह भारत की विविध भाषाओं के डिजिटल समावेश को सहयोग देगा.

2 घंटे 13 मिनट के भाषण में मणिपुर पर सिर्फ 2 मिनट बोले और मजाक उड़ाया

नई दिल्ली। मणिपुर के मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव गिरने और पीएम मोदी का लोकसभा में भाषण के बाद आज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा. राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पीएम मोदी ने अपने 2 घंटे 13 मिनट के भाषण में मणिपुर पर सिर्फ 2 मिनट बात रखी. इन 2 मिनट में भी पीएम हंसकर मणिपुर का मजाक उड़ा रहे थे. राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर का मजाक उड़ाना ठीक नहीं है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि भारतीय सेना 2 दिनों में इस पूरी हिंसा को काबू में कर सकती है, लेकिन पीएम नहीं चाहते कि मणिपुर में हिंसा थमे. राहुल ने कहा कि पीएम आग बुझाना ही नहीं चाहते वे तो खुद मणिपुर को जलाना चाहते हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने अपने मणिपुर दौरे का भी वाक्या सुनाया. उन्होंने कहा कि मणिपुर के कुकी क्षेत्र में जब मैं पहुंचा तो मुझसे कहा गया था कि आपकी सुरक्षा में कोई मैतेई नहीं होना चाहिए. अगर कोई मैतेई होगा तो उसे खत्म कर दिया जाएगा. ठीक उसी तरह जब मैं मैतेई इलाके में पहुंचा तो बताया गया कि आपके साथ कोई कुकी नहीं होना चाहिए वर्ना मैतेई लोग उसे मार देंगे. मणिपुर दो महीन से जल रहा है. भारतीय सेना 2 दिन में हालात ठीक कर सकती है, लेकिन पीएम नहीं चाहते कि मणिपुर की आग बुझे. मणिपुर हिंसा रोकने में मुख्यमंत्री पूरी तरह से नाकाम हैं. इतना ही नहीं राहुल गांधी ने कहा कि मैं 19 साल से सक्रिय राजनीति में हूं, लेकिन जो मणिपुर में देखा हूं वह पूरे राजनीतिक करियर में नहीं देखा हूं. आज मणिपुर दो हिस्से में बंट गया है.

नूंह में बुलडोजर से कार्रवाई पर कोर्ट में बोली हरियाणा सरकार, नियम के तहत लिया एक्शन

नई दिल्ली। हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार ने बुलडोजर अभियान चलाया था. इस पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट

ने रोक लगा दी थी. इस मामले में राज्य सरकार ने कोर्ट द्वारा दिए गए नोटिस पर अपना जवाब दे दिया है. सरकार के अनुसार, वह नियम के अनुसार, बुलडोजर की कार्रवाई कर रही है. इस मामले में अगली सुनवाई कब होगी, इसकी तारीख जल्द पता चल जाएगी. हरियाणा सरकार की ओर से अदालत में जो जवाब दिया है, उसमें कहा गया है कि सरकार ने धर्म के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की है. ये सब कुछ नियमों के मुताबिक है. अभी सरकार ने विस्तार से जवाब देने के लिए एक हफ्ते का वक्त मांगा है. इस मामले को अब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुनवाई करेंगे.

गौरतलब है कि नूंह में 31 जुलाई को हिंसा के बाद प्रशासन ने दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की. इस दौरान कई अवैध निर्माण गिरा दिए गए. बीते सोमवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने इस कार्रवाई पर तुरंत रोक लगा दी थी. अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी विशेष समुदाय को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया. हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद हालात अब काबू में आने लगे हैं. 11 अगस्त को नूंह में स्कूल दोबारा खोल दिए गए. कुछ सरकारी स्कूलों में बच्चे डर से नहीं पहुंचे हैं. हालांकि प्राइवेट स्कूलों में छात्र-छात्राएं पहुंचे. राज्य में बस सेवाओं को बहाल कर दिया गया है. इसके साथ ही कर्फ्यू में ढील दी गई है.

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी नेता नवाब मलिक को दी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि मलिक का गुर्दे और अन्य बीमारियों का इलाज चल रहा है, इसलिए स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम राहत दी जा रही है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम केवल मेडिकल ग्राउंड पर ही आदेश पारित कर रहे हैं और कुछ नहीं। प्रवर्तन निदेशालय ने मलिक को फरवरी 2022 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए उनकी याचिका का विरोध नहीं किया। मलिक को ईडी ने अंडरवर्ल्ड संबंधों के साथ संपत्ति के सौदे से जुड़े कथित मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

यूं 350 मीटर घसीटता रहा बेटी की लाश

नई दिल्ली। पहले कत्ल फिर बाइक से घसीटी लाश! खबर बहुत दर्दनाक है. दरअसल पंजाब के अमृतसर से एक दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें एक निहंग अपनी ही बेटी की लाश को बाइक से घसीटता नजर आ रहा है. जब ये पूरी खौफनाक तस्वीर नजदीकी दुकान में लगे एक सीसीटीवी में कैद हुई, तो फौरन पुलिस को इसकी इत्तला दी गई. मौके पर पुलिस ने पहुंच कर लाश तो बरामद कर ली, मगर आरोपी पिता की तलाश में नाकाम रही। पुलिस को लाश के जिस्म पर तमाम घाव मौजूद मिले, साफ था कि इस लड़की को बुरी तरह मौत के घाट उतारा गया था. न सिर्फ इतना, बल्कि मौत के बाद भी इसके मरे हुए जिस्म को हैवानियत का शिकार बनाया गया था. इसे कई मीटर यूं ही घसीटा गया और ये सब सनकपन करने वाला था खुद इसका पिता. पुलिस ने फौरन लाश को कब्जे में ले लिया और मामले में तफ्तीश शुरू की. सवाल था कि आखिर क्यों कोई पिता अपनी ही बेटी को इस कदर दर्दनाक मौत देगा। मामले में पुलिस पड़ताल शुरू की गई, मालूम चला को मृतक लड़की का असल नाम सुमनदीप कौर है, जो 20 साल की थी और 12वीं तक पढ़ी थी. दलबीर सिंह

उर्फ बाऊ इस लड़की का पिता था, जिसपर इस दर्दनाक वारदात को अंजाम देने का आरोप था. हालांकि पुलिस लंबे वक्त से उसकी तलाश में थी, मगर उसका कुछ अता-पता नहीं था. पुलिस को अंदाजा था कि हो-न-हो वारदात के बाद, पकड़े जाने के डर से आरोपी दलबीर सिंह फरार हो गया था. अब पुलिस इस मामले को लेकर आरोपी दलबीर सिंह के परिवार के पास पहुंची, जहां उसके पिता जोगिंदर सिंह ने पुलिस से मुलाकात की. जोगिंदर सिंह ने बताया कि घर वाले चाहते हुए भी लड़की की मदद नहीं कर सके, आरोपी दलबीर सिंह ने परिवार वालों को धमकी दी थी कि, अगर कोई उसकी बेटी को बचाने आया तो वो उसे भी जान से मार देगा. आखिर ये हुआ क्यों? इसका जवाब देते हुए आरोपी के पिता जोगिंदर सिंह ने बताया कि, दरअसल बीते बुधवार 20 साल की सुमनदीप कौर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी, जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी खूब तलाश की, मगर वो कहीं नहीं मिली. बाद में अचानक वो गुरुवार की दोपहर दोबारा घर लौट आई. आरोपी दलबीर सिंह भी इस वक्त वहीं मौजूद था, लिहाजा अपनी बेटी को देख वो गुस्से में भौखला गया. उसकी बेटी पूरे एक दिन तक लापता था, लिहाजा उसे बेटी के चरित्र पर शक होने लगा. ऐसे में अपनी बेटी को अपनी दुकान पर ले गया, जिसके बाद वो सीसीटीवी फुटेज सामने आया. पुलिस के मुताबिक, दुकान में ले जाकर दलबीर सिंह ने पहले अपनी बेटी पर किरपान से ताबड़तोड़ वार किए, फिर जब उसकी मौत हो गई तो उसके दोनों पैरों को उसके दुपट्टे से बांध कर बाइक के पीछे लटका दिया. इसके बाद करीब 350 मीटर दूर तक बाजार से होते हुए घसीट कर शव को जाकर फेंक दिया और बाद में फरार हो गया. फिलहाल पुलिस इस मामले में तफ्तीश कर रही है.

आप सांसद राघव चड्डा राज्यसभा से निलंबित

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप सांसद राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया। चड्ढा के निलंबन की घोषणा करते हुए धनखड़ ने कहा, उनके दुर्व्यवहार, नियमों के उल्लंघन, परिभाषित रवैये और अनुचित आचरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, मुझे लगता है कि नियम 256 के साथ नियम 266 को लागू करने की जरूरत है और राघव चड्ढा को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट मिलने तक सभा की सेवा से निलंबित किया जाना चाहिये। चड्ढा पर पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह की जल्द रिहाई को चुनौती पर सुनवाई की स्थगित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह की समयपूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली मारे गए आईएएस अधिकारी जी. कृष्णैया की विधवा की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की तारीख 26 सितंबर तय करते हुए कहा, हम इसे सितंबर में किसी भी गैर-विविध दिन पर उठाएंगे। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति कांत 5-न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा हैं, जो सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर, 2 अगस्त से लगातार अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान, बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार ने पीठ को अवगत कराया कि राज्य सरकार ने एक ही दिन में 97 दोषी व्यक्तियों की सजा में छूट पर विचार किया और उसने केवल गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन को सजा में छूट नहीं दी। इस पर, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा, ÷क्या इन सभी 97 लोगों पर एक लोक सेवक की हत्या का आरोप लगाया गया था। उनका मामला यह है कि उन्हें (आनंद मोहन) रिहा करने के लिए नीति बदल दी गई। जवाब में, कुमार ने कहा कि वह उन दोषियों को वर्गीकृत करते हुए एक विस्तृत प्रतिक्रिया दाखिल करेंगे, जिन्हें उनके अपराध के आधार पर छूट दी गई है। शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार को दो सप्ताह की अवधि के भीतर एक अतिरिक्त जवाबी हलफनामा दायर करने की अनुमति दी। इसने याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर हलफनामा, यदि कोई हो, दाखिल करने के लिए एक सप्ताह की अवधि भी दी। मारे गए नौकरशाह की विधवा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने उन्हें मामले से संबंधित आधिकारिक फाइलों की प्रति नहीं दी है। गौरतलब है कि बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व सांसद को मिली सजा में छूट के संबंध में मूल रिकॉर्ड अदालत के समक्ष पेश किया है। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया को मामले से संबंधित मूल फाइलों की प्रति प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के समक्ष आवेदन करने को कहा। अपने जवाबी हलफनामे में, राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा,÷आम जनता या लोक सेवक की हत्या की सज़ा एक समान है।

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा, कर्मचारियों को प्रबंधन के खिलाफ भड़ास निकालने का अधिकार

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने कंपनी के प्रबंधन के साथ समस्याओं का सामना करने वाले कर्मचारियों के लिए भड़ास निकालने के अधिकार पर जोर दिया है। न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाली पीठ ने बैंक के प्रशासनिक निर्णयों के संबंध में व्हाट्सएप पर उपहासपूर्ण मैसेज पोस्ट करने को लेकर तमिलनाडु ग्राम बैंक के एक कर्मचारी के खिलाफ आरोप पत्र को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि संगठन में शिकायतें होना स्वाभाविक है और कर्मचारियों को उसे व्यक्त करने की अनुमति देने से उनके दिल को तसल्ली होगी और वे अच्छा महसूस करेंगे। हालाँकि, अदालत ने कहा कि यदि प्रबंधन की छवि गंभीर रूप से प्रभावित होती है, तो हस्तक्षेप किया जा सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि इस तरह की अभिव्यक्ति को रोकना विचारों पर नियंत्रण के समान होगा। महत्वपूर्ण टिप्पणी में हाई कोर्ट ने कहा कि आज की डिजिटल रूप से जुड़ी दुनिया में निजी बातचीत पर लागू सिद्धांत सीमित पहुंच वाले एन्क्रिप्टेड वर्चुअल प्लेटफॉर्म के लिए प्रासंगिक है। पीठ ने कहा कि बैंक ने सोशल मीडिया पर कर्मचारियों के आचरण को विनियमित करने के लिए 2019 में एक परिपत्र जारी किया था। पीठ ने निष्कर्ष निकाला कि याचिकाकर्ता ने बैंक के आचरण नियमों का उल्लंघन नहीं किया है और चार्ज मेमो को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता ए. लक्ष्मीनारायण तूतीकोरिन में तमिलनाडु ग्राम बैंक की अरुमुगनेरी शाखा में कार्यालय सहायक के रूप में काम करते हैं। वह एक ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता और बैंक कर्मचारी संघ का पदाधिकारी भी है। उसे अपने आलोचनात्मक व्हाट्सएप मैसेज के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ हुई कार्रवाई को हाई कोर्ट की मदुरै बेंच में चुनौती दी थी।

किसान संगठन और खापों ने नूंह हिंसा की जांच की मांग की

गुरुग्राम। हरियाणा में किसान संघों और खाप पंचायतों ने 31 जुलाई को नूंह और गुरुग्राम जिलों में हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों से भ्रामक वीडियो से बचने की अपील भी की गई है। उन्होंने लोगों से भ्रामक संप्रदाय-आधारित वीडियो से बचने का आग्रह किया है। इसके साथ ही कहा है कि पुलिस को ऐसे वीडियो के बारे में सूचित करना चाहिए और कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने पुलिस से गौरक्षक मोहित यादव उर्फ मोनू मानेसर को गिरफ्तार करने का भी आग्रह किया है। मोनू मानेसर इस साल की शुरुआत में नासिर और जुनैद की हत्या का मुख्य संदिग्ध है। नूंह दंगे की निंदा करने के लिए बुधवार को हिसार में

एक महापंचायत बुलाई गई। सभा में खाप पंचायतों, किसान संघों और विभिन्न समुदायों के धार्मिक नेताओं सहित दो हजार लोगों ने भाग लिया। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष सुरेश कोथ ने आईएएनएस को बताया कि हम मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। हम नूंह के लोगों से भी आग्रह करते हैं कि वे भ्रामक सांप्रदायिक वीडियो पर कोई एक्शन ना लें। यदि उन्हें किसी भी चैनल से ऐसे वीडियो मिलते हैं तो उन्हें सबसे पहले जांच एजेंसियों को रिपोर्ट करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जांच पूरी होने के बाद हरियाणा खाप, किसान यूनियन और धार्मिक नेता नूंह का दौरा करेंगे और लोगों से बात करेंगे। दरअसल, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक जुलूस को लोगों के समूहों द्वारा रोकने पर हिंसा भड़क उठी थी। झड़पों में छह लोगों की जान चली गई, जिनमें दो होम गार्ड और एक मौलवी भी शामिल थे। मोनू मानेसर ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें नूंह धार्मिक जुलूस में अपनी भागीदारी का दावा किया था। उसने अपने समर्थकों से नूंह में इकट्ठा होने को भी कहा था। हालांकि, वह खुद जुलूस में शामिल नहीं हुआ था। नूंह में हुई हिंसा के बाद हालात सामान्य हैं। 11 दिन बाद नूंह में स्कूल और बैंक खोल दिए गए हैं। हालांकि, जिले में इंटरनेट सेवाएं अभी भी निलंबित हैं।

सीएम के दौरे को लेकर एसडीएम ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान के 21 अगस्त सोमवार के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाकलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजीव समाधिया द्वारा पुलिस प्रशासन से लेकर सभी विभागों के विभाग प्रमुखों की एक बैठक एसडीएम कार्यालय पिछोर में ली गई।जिसमें एसडीओपी(पुलिस)प्रशांत शर्मा, तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर नगर पालिका सीएमओ आनंद शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मोगराज मीना, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अमर सिंह जनौरिया सीडीपीओ पिछोर अरविंद तिवारी सीडीपीओ खनियाधाना अमित यादव विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, बीआरसीसी सुदर्शन गुप्ता,

आजीविका मिशन प्रबंधक राजेंद्र धाकड़ , पंचायत इंस्पेक्टर टेंगोर आदि उपस्थित थे।बैठक के दौरान एसडीएम राजीव समाधिया द्वारा विभाग अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया गया कि सीएम के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही नहीं होनी चाहिए आप सभी की जो भी जिम्मेदारी है उसका पालन ठीक तरह से करे । कार्यक्रम में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि उचित स्थान पर व्यवस्थित होनी चाहिए । जहां पर जिस जिस जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बाहन उसी जगह व्यवस्थित होना चाहिए। इसके साथ ही एसडीएम द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल स्टेडियम का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने टेंट,बैठक व्यवस्था,मंच, शौचालय,आने जाने वाली रास्ता तथा पानी आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मौके पर ही पीडब्ल्यूडी तथा नगर परिषद के कर्मचारीयों को बुलाकर स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पर जो भी कमियां दिखी उन्हें शीघ्र करने को कहा गया इसके साथ ही सीएम के रोड शो कार्यक्रम के स्थल का भी स्टॉप बाई स्टॉप निरीक्षण किया गया।

विश्व फोटोग्राफर दिवस के अवसर पर किया फोटोग्राफरों का सम्मान

शिवपुरी- समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर रहने वाली समाजसेवी आरती जैन के द्वारा विश्व फोटोग्राफर दिवस के अवसर पर शहर के फोटोग्राफरों का सम्मान किया गया जिसमे फोटोग्राफर ब्रज दुबे, भूपेंद्र नामदेव एवं सुनील कुशवाह को शॉल एवं फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया जिसमे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे भी मौजूद रही जिसमे उन्होंने कहा कि विश्व फोटोग्राफी दिवस फोटोग्राफी की कला, शिल्प, और इतिहास का एक वार्षिक उत्सव है ।फोटोग्राफी किसी की भावनाओं और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का साधन है

पत्रकरिता के स्तर मैं सुधार और पत्रकारो के हितार्थ को लेकर पत्रकार एकता मंच ने दिया ज्ञापन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाखो की भीड़ में खुले मंच पर मांग पत्र को स्वीकार प्रदेश के मुखिया ने कहा मैं इस पर गंभीरता से विचार करूँगा यह मेरी जिम्मेदारी है

देश में पत्रकारिता का इतिहास आजादी से भी बहुत पहले का है अंग्रेजी शासन काल से लेकर आजाद हिंदुस्तान तक का सफर पत्रकारता ने हमेशा संघर्ष और देश के हितार्थ में अपनी कलम के माध्यम से आम लोगों को सूचना पहुंचाने के माध्यम से किया है एवं सरकार और जनता के बीच में सेतु का काम किया है लेकिन देश में समय और दौर बदलने के साथ पत्रकारिता का स्तर और तरीका बदल चुका है जो पत्रकारिता पहले समर्पण और संघर्ष के शब्दों के माध्यम से लोगों जगाने का काम करती थी वही पत्रकारता आज विलुप्तता की कगार पर है जिससे पत्रकारिता का भविष्य खतरे में है । इन्हीं सब बातों को देखते हुए पन्ना जिले के पत्रकारों ने निर्वाचन के माध्यम से एक

संगठन का गठन किया जिसका नाम पत्रकार एकता मंच रखा गया इस मंच के माध्यम से गठन के समय से ही पन्ना जिले के पत्रकारों के साथ-साथ समुचित प्रदेश के जिला एवं तहसील स्तर के पत्रकारों को लेकर काम कर रहा है वही पत्रकार एकता मंच पत्रकारिता में आने वाली जमीनी समय को समझ कर पत्रकारिता के स्तर और मूल्य ढांचे में परिवर्तन किया जा सके इसको लेकर कल गुन्नौर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्रकार एकता मंच के माध्यम से एक 15 सूत्रीय मांग पत्र सोपा गया ज्ञापन देखते ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाखों की भीड़ में खुले मंच से इस बात को कहा कि यह मांग पत्र मुझे प्राप्त हो चुका है इस मांग पत्र को मैं गंभीरता से देखूंगा और इसमें निर्णय करूंगा यह मेरी जिम्मेदारी है जिससे समूचे जिले एवं प्रदेश के तहसील एवं जिला स्तरीय पत्रकारों में खुशी का माहौल है

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भ्रमण कार्यक्रम

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 एवं 22 अगस्त को शिवपुरी जिले के पिछोर एवं पोहरी तहसील में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर दोपहर 1.40 बजे पिछोर आएगें। दोपहर 2 बजे क्षत्रसाल स्टेडियम पिछोर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4 बजे पिछोर से दतिया के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार 22 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे पोहरी पहुंचेंगे। दोपहर 12.20 बजे से पोहरी में स्थानीय कॉलेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत सेंवड़ा जिला दतिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

हम सभी में एक ही परमात्मा का वास है इसलिए एक दूसरे से प्रेम करें : पुरूषोत्तम दास महाराज

चौथे दिन स्नेह यात्रा का नरवर में हुआ भव्य स्वागत

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- सभी देशवासी समरसता के साथ रहे तभी समाज का और देश का विकास होगा, सभी समाज आपस में मिलजुल कर एकता से भाव से रहेंगे तो हिंदुस्तान मजबूत होगा और जो विघटनकारी तत्व देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं वह भी हमारे देश पर बुरी दृष्टि नहीं डाल पाएंगे। यह विचार स्नेह यात्रा में चल रहे प्रमुख संत पुरुषोत्तम दास महाराज ने नरवर विकासखंड के ग्राम रामनगर, करही, छितरी, आदिवासी कॉलोनी, छत्तीसगढ़ की नरौआ इंदरगढ़, छतरी, नरवर के लोड़ी माता वार्ड, नानकपुर, भीमपुर, गोपालिया, बरखाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर रामनगर में सत्येंद्र गिरी महाराज, छतरी में रामेश्वर गिरी महाराज, प्रीतम गिरी महाराज मौजूद रहे। नरवर में जबरदास महाराज, बालक

दास महाराज, मुबारकपुर हनुमान के संत आदि का शॉल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। नरवर विकासखंड की समाजसेवी संस्थाएं जिनमें साहस युवक मंडल नरवर के अध्यक्ष राकेश लक्षकार, ठाकुर सनमान सिंह समाजसेवी संस्था के राजू परिहार, शौर्य समाज सेवी संस्था के संदीप अध्वर्यु, प्रस्फुटन समिति बिलोनी के अध्यक्ष लोकेंद्र शर्मा परामर्शदाता सचिन शर्मा, पवन भार्गव, बीएसडब्ल्यू के छात्र संजय परिहार, बीरू बाथम, रामनगर समिति के धीरज सिंह, छतरी के जनक सिंह, नरौआ के छोटू रावत, संदीप रावत, नरवर से सचिन शर्मा बरखाडी से सरोज कुशवाहा, नानकपुर के होतम रावत, कैलाश बघेल, भीमपुर के कमल किशोर रावत, एवं भीमपुर सरपंच नारायण सिंह बघेल, नरौआ सरपंच गीता जगराम प्रजापति, रामनगर की सरपंच रामलली कुशवाहा एवं सभी सचिव तथा ग्राम वासियों का इस स्नेह यात्रा के दौरान काफी सहयोग रहा। यात्रा का जगह–जगह स्वागत किया गया। इस यात्रा में चल रहे संत पुरुषोत्तम दास महाराज द्वारा सभी वंचित वर्ग की बस्तियों में पैदल भ्रमण किया गया और सभी को समरसता एवं स्नेह का संदेश दिया।

शिवपुरी पुलिस की चोरी के मामले मे तुरत कार्यवाही

पुलिस थाना देहात द्वारा चोरी के मामले मे तुरंत कार्यवाही करते हुये 24 घंटे मे खुलासा कर चोरी गया मश्रुका बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे संपत्ति संबंधी अपराधों के रोकथाम अभियान के तहत पुलिस थाना देहात द्वारा कार्यवाही करते हुये चोरी के मामले का खुलासा करते हुये चोरी गये माल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार । थाना देहात के अपराध क्रमांक 248 /23 धारा 457, 380 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी देहात द्वारा टीम गठित कर 24 घंटे में चोरी का खुलासा किया है व चोरी गया माल मसरूका को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । फरि़यादी प्रदीप पुत्र रामदयाल प्रजापति उम्र 29 साल निवासी छोटो लोहारपुरा कुम्हार मोहल्ला पुरानी शिवपुरी ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि दिनांक 17.08.23 की रात्री करीबन 12 बजे मैं घर पर गणेशजी की मूर्ति का काम करके मैन गेट का ताला लगाकर सो गया था, दिनांक 18.08.23 को सुबह करीबन 5.30 बजे जब मैं जगा तो देखा कि मेरा वीवो कंपनी का मोबाइल नहीं मिला फिर मैने अपने मैन गेट पर जाकर देखा तो हमारा गेट खुला पडा हुआ था और ताला टूटा हुआ पडा मिला रात्री में किसी चोर ने मेरे गेट को तोडकर घर के अंदर घुसकर मेरा मोबाइल चोरी किया है, मोबाइल की तलास करता रहा तो मोहल्ले वालों से मुझे पता चला कि दिनांक 17,18.08.23 की दरमियानी रात्री में हमारे मोहल्ले का पुराना बदमाश शान खान घूम रहा था इसलिये मुझे पडोस के शान खान पर संदेह है । दौराने विवेचना मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि प्रकरण में संदेही शान मोहम्मद गौशाला पुलिया के पास बैठा है सूचना पर गौशाला पुलिया पर पहुंचे घेराबंदी कर संदेही शान मोहम्मद मिला जिससे प्रकरण में चोरी गये मसरूका के बारे में पूछताछ की तो स्वयं द्वारा चोरी करना बताया उक्त आरोपी को लेकर पुलिस कुम्हार मोहल्ला छोटा लोहापुरा पुरानी शिवपुरी पहुंचे जहां आरोपी की निशानदेही पर आरोपी के कमरे मे गद्दे के नीचे से चोरी किया वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया ।उक्त कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक 570 विनय सिंह,प्रधान आरक्षक 808 अजय शर्मा, आरक्षक 583 लाखन सिंह आरक्षक 997 सुमित सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

देवभोग गिरसुल के पास भारत माता स्कूल की बस पलटी 2 से 3 बच्चे हुए घायल

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग। देवभोग ब्लॉक के डोहल के पास संचालित भारतमाता पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक छ्त्र 04 छ्रू 7862 आज ग्राम गिरसूल के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें स्कूली बच्चे सवार थे और बच्चों को मामूली चोट आई है थाना प्रभारी गौतम चंद गावडे ने बताया कि बस में करीब 30 से 32 के करीब बच्चे सवार थे एवं सभी बच्चे सुरक्षित है।बस के पलटने की जानकारी जब बच्चों के पालकों को चला तो तत्काल घटनास्थल पर आकर भारत माता स्कूल के व्यवस्था पर काफी नाराजगी जताते हुए अपना गुस्सा निकाल क्योंकि पालकों का कहना था कि कई दफा हमने बस की स्थिति को देखते हुए हमने स्कूल में जाकर इसकी शिकायत भी कर चुके पर इसका कोई परिणाम देखने को नहीं मिला जिसकी वजह से आज इस प्रकार की घटना घटित हुई।

नमस्कार करना एक विज्ञान है, शीतल संत राजाराम

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट आईमता बडेर में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम महाराज ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि भगवान के सामने या फिर किसी के सामने हाथ जोड़ते समय हमें अहंकार का त्याग करना चाहिए। हाथ जोड़ना एक साधारण प्रक्रिया नही है। हाथ जोड़ने के पिछे एक की योग विज्ञान है और उसको हम जैसे चाहे वैसे नही कर सकते हैं। वरना जो लाभ है वो आप को देखने को नहीं मिलेगा। हाथ को जोड़ने का एक तरीका होता है जैसे हाथ जोड़ते समय कोहनी खुली नहीं होनी चाहिए, और दौनो कोहनियां शरीर से जुड़ी होनी चाहिए। गुरूदेव ने बताया कि नमस्कार में चमत्कार होता है। नमस्कार से व्यक्ति के

व्यक्तित्व की पहचान होती है। आज की कथा में संस्था के सह सचिव केनाराम मुलेवा, गेनाराम सेणचा, जगाराम परिहरिया, ऊमेदराम सेंणचा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, किशोर राठौड़ भंगाराम पंवार समेत समाज के बड़ी संख्या में महिलाएं पुरूष मौजूद थे।

बोलेगा बचपन संकुल स्तरीय कार्यक्रम मेघा संकुल केंद्र मुचबहाल में किया गया आयोजित

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड मुचबहाल में सम्मानीय कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के अभिनव पहल से गरियाबंद जिला में चलाये जा रहे बोलेगा बचपन कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा को महत्व देते हुए छात्रों के झिझक को दूर करने, निर्भीकता लाने, बच्चों की डर को दूर करने को लेकर, बच्चों को मंच पर लाया जा रहा है, जिससे छात्रों की हौसला बड़ रही है, इस कार्यक्रम के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री नवीन भगत,जिला मिशन समन्वयक श्री के एस नायक, जिला नोडल अधिकारी श्री श्याम चन्द्राकर, जिला ए पी सी श्री मनोज केला, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर श्रीचंद्रशेखर मिश्रा, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक मैनपुर श्री शिवकुमार नागे, के कुशल मार्गदर्शन में दिनाँक 19/08/2023 दिन शनिवार को मेघा संकुल केन्द्र , विकास खण्ड मैनपुर जिला गरियाबंद में छात्रों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संकुल केन्द्र मुचबहाल,बजाड़ी, तेतलखुटी, आड़पाथर,के छात्र प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए, जिसमे संकुल केन्द्र बजाड़ी से कु तेजस्विनी यादव, कु डिकनेश्वरी यादव, कु रानी मांझी, प्रशांत नागेश, प्रथम स्थान प्राप्त किये, संकुल केन्द्र मुचबहाल से घनश्याम नागेश, हेमशंकर यादव, प्रथम स्थान प्राप्त किये, संकुल केन्द्र तेतलखुटी से कु पद्मश्री खरे, पंकज कुमार राजपुत, सुहानी राजपुत, पंकज कुमार नागेश, आड़पाथरसंकुल से विष्णु देव यादव, रुबिला नायक, प्रथम स्थान प्राप्त किये /प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिया गया /कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल प्रभारी श्री महेन्द्र कुमार टण्डन, श्री सुरेन्द्र कुमार धिरहे, श्री ईश्वर सिंह चौहान, हेमा ध्रुव, तथा संकुल समन्वयक श्री जगजीवन ठाकुर, रमेश कुमार राजपुत, पदुसिंह नायक, बली राम नेताम के साथ शिक्षक टीकम सिंह मांझी, बिरेन्द्र शांडिल्य, केवल सिंह मांझी, बसन्त कुमार साहू, सुशांत कुमार ठाकुर, लुहेन्द्र कुमार ठाकुर, शेषकुमार भास्कर, दामोदर कश्यप, वैष्ठव मरकाम अनिश कुमार सोनकर, भरत भुषण सगरिया, डिंगल मांझी, ईश्वर मांझी, बेनुर सिंह नागेश, नारायण यदु, बनसिंह नागेश, उमाशंकर नेताम, गगनेश्वर साहू, ब्रजेश कुमार वर्मा, उदयसिंह नायक व गांव के प्रबुद्ध जन तथा स्कूली छात्र छात्राउपस्थित थे

शिवपुरी पुलिस की अंधे कत्ल मे कार्यवाही

अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर 10,000 रु. के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार,आरोपी ने पुरानी रंजिस पर से की थी हत्या

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-दिनांक 04.12.2022 को फरियादी चंदूराम पुत्र कडोरी धाकड उम्र 37 साल नि. ग्राम सिंघराई थाना कोलारस ने रिपोर्ट किया कि मेरा भाई हरिराम धाकड पुत्र कडोरी धाकड उम्र 55 साल टमाटर की फसल को रखाने जाते थे दिनांक 29.11.2022 को समय करीब रात 11-12 बजे हरिराम का लडका मस्तराम धाकड खाना देने गया था तो हरिराम वहां पर नहीं मिला तब मस्तराम ने वापस आकर घर पर बताया कि पापा खेत पर नही मिले, तब हम सभी लोग आस-पास ढूंढने गये तो हरिराम नहीं मिला हमने हरिराम के गुम होने की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी थी, आज तक उनको ढूंढते रहे आज दिनांक 04.12.2022 को सुबह 09.00 बजे हम सभी लोग ठाकुर बाबा की तलैया तरफ ढूंढने गये तब तलैया के पास मेरा भाई हरिराम मृत अवस्था मे पडा मिला जिसके कमर के नीचे पेंट नही है बांडी सड़गल रही है जानवर खा गये हैं आधे कंकाल जैसी स्थिति है चमडी काली पड़गई है । उपरोक्त सूचना पर से मर्ग क्रमांक 84/22 धारा 174 जा.फौ. का कायम किया जाकर जांच में लिया गया । दौराने मर्ग जांच मृतक के परिजनों के कथन, पी.एम रिपोर्ट से मृतक की कोई अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा सिर में एवं शरीर में चोटें पहुंचाकर हत्या कर छुपाने एवं सबूत मिटाने के उद्देश्य से लाश को झाडियों में छुपाना पाया गया तथा शव को जलाने का प्रयास किया जाना भी प्रतीत होने से मर्ग सदर की सम्पूर्ण जांच से अज्ञात आरोपी या आरोपियानों विरुद्ध अपराध धारा 302,201 भा.दं.वि. का घटित किया जाना पाया जाने से थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 480/2022 धारा 302,201 भा.दं.वि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । दौराने विवेचना पूछताछ पर पता चला कि मृतक हरीराम धाकड को अंतिम बार पवन उर्फ चंद्रभान शर्मा पुत्र हरनारायण शर्मा के साथ देखा गया है जिसकी तलाश घटना दिनांक से की जा रही थी जो कि तभी से फरार चल रहा था । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी पर 10,000 रु. का ईनाम घोषित किया गया था । दिनांक 18.08.2023 को मुखबिर की सूचना पर से संदेही पवन उर्फ चंद्रभान शर्मा को पकडकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और मृतक हरीराम धाकड से पूर्व के विवाद पर हत्या स्वंय के द्वारा करना बताया । आरोपी पवन उर्फ चंद्रभान शर्मा से घटना में प्रयुक्त आलाजरर कुल्हाडी, मृतक का कीपैड मोबाईल, आधारकार्ड जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया घटना के संबंध में उससे और पूछताछ की जा रही है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र मावई , उनि. अंकित उपाध्याय, सउनि. हमीद खांन, प्र.आर. 119 भूपेन्द्र तोमर , प्र.आर. 43 दिलीप सिंह, प्र.आर. 475 नरेश दुबे, प्र.आर. 776 नीतू सिंह, आर. 364 ओमसिंह, 88 पुष्पेन्द्र रावत, आर. 1035 सौरभ पचौरी, आर.चा. 926 बलराम मोगिया की विशेष भूमिका रही ।

श्री आई माताजी के धर्म रथ वैल का बधावा किया गया

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा

पाली जिला स्थिति ग्रांम गुड़ा मोकमसिंह में श्री आई माताजी के धर्म रथ वैल का गाजे बाजे व महिलाओं द्वारा गीतों के साथ भव्य रुप से बधावा किया गया । बधावा में गांव के समस्त सीरवी भाई-बहन बच्चो व बुजुर्ग पधारकर श्री आई माताजी धर्म रथ वैल पर विराजमान श्री आई माताजी के दर्शन के लाभ लेकर खुशी जाहिर की। श्री आई माताजी धर्म रथ वैल के दर्शन के लिए पधारे एवं संध्या आरती में भाग लिया। साथ में पधारे तेलंगाना राज्य अखिल भारतीय सीरवी महासभा के अध्यक्ष हरजीराम काग एवं संगारेड्डी बडेर के अध्यक्ष रुगाराम परिहारीया,व दिपाराम काग गु?िया महेन्द्र जी कपासी एवम् समस्त वैल मण्डली। का भी मान सम्मान के साथ स्वागत किया गया । उसके बाद रात्रि 8 बजे से रात में साढ़े ग्यारह बजे तक धर्म सभा सीरवी समाज के समस्त भाई बहनों बच्चो ओर बुजुर्गो की उपस्थित मेंमहेन्द्र कापसी और दीपाराम काग गुड़िया द्वारा इतिहास, श्री आई माताजी इतिहास और संस्कार निर्माण पर उद्बोधन दिया इस गांव में लगभग 500- 600 घर की बस्ती है, जिसमें सीरवी समाज का बाहुल्य है, सीरवी समाज के अलावा राजपूत, राजपुरोहित, देवासी, कुम्हार, दर्जी, मेघवाल, नायक सहित 36 काम के लोग बसते हैं इस गांव में सीरवी समाज के लगभग ढाई सौ घर है जिसमें मुलेवा , सोलंकी, लचेटा, परिहार, राठौड़, सातपुरा , गहलोत, चोयल, खण्डाला,देवड़ा,होम्बड़ और भायल मुख्य कर रहते है ,गुड़ा मोकम सिंह में श्री आई माताजी का मंदिर बडेर बहुत पुराना है जिसमें बिलाड़ा की लाल गादी पाट के साथ बिठौड़ा की सफेद गादी पाट की स्थापना सन 1966 में उस समय के जति मोती बाबा जी एवं बिठौड़ा पीर श्री जोरसिंह जी के कर कमल से संपन्न हुई थी।जो आज दिन तक एक ही मंदिर में साथ साथ स्थापित है एवं एक ही पुजारी द्वारा सेवा पूजा की जा रही है। अब इस मंदिर के पास सभा भवन भी बनाया गया है लेकिन सीरवी रामलाल मुलेवा ने बताया की वैल के रुकने पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है एवं आसपास के घर में सुविधा का सहारा लेना पड़ता है,अब सीरवी समाज ने हिम्मत कर धनला रोड पर दो बीघा है जमीन क्रय की है जिस पर भविष्य में भव्य मंदिर के साथ मैरिज गार्डन भी बनाने की योजना है।

एसडीआरएफ, उ0प्र0 द्वारा किये जा रहे कार्यों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों ने की प्रशंसा

लखनऊ/उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे सशक्त व प्रभावी आपदा मोचन बल विभिन्न क्षेत्र में किये जा रहे सराहनीय कार्य व संभावित आपदा से निपटने की गतिविधियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए एसडीआरएफ के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य आपदा मोचन बल के सभागार में पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अपर महानिदेशक श्री विजय कुमार के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें भारत सरकार द्वारा जनसामान्य के लिए किये गये कल्याणकारी, जनोन्मुखी और विकासपरक कार्यों के प्रचार-प्रसार और आमजन तक सभी योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए चर्चा की गयी।इस बैठक में राज्य आपदा मोचन बल द्वारा किये गये सराहनी कार्यों जैसे- डूबते हुए व्यक्ति की जान बचाना, बाढ़ राहत एवं बचाव, ध्वस्त ड़ांचा राहत एवं बचाव, सड़क एवं आग दुर्घटना तथा जागरूकता अभियान को ''आजादी का अमृत महोत्सव में मेरी माटी, मेरा देश (मिट्टी को नमन, वीरो का वन्दन)'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पाँच दिवसीय (दिनांक 21 से 25 अगस्त, 2023 तक) मेन्स क्लब, सी.आर.पी.एफ. कैम्प, बिजनौर, लखनऊ में प्रदर्शित किया जायेगा। इस दौरान मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार व जय सिंह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार तथा एसडीआरएफ से उपसेनानायक श्री शुएब इकबाल, सहायक सेनानायक श्री आत्म प्रकाश, श्री मिथिलेश तिवारी व अन्य अधिकारी मौजूद मौजूद रहे और विभाग में किये जा रहे अपने -अपने कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।

ठाणे वालीबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 अगस्त को

पुष्पाजंली टुडे

मुम्बईः- आईजी स्पोर्ट्स क्लब ठाणे के तत्वाधान में वालीबॉल प्ररिमियर लीग 2023 सीजन 5 (टीवीपीऐल)20 तारीख को होने जा रहा है ।जिसमें ठाणे की टीमें भाग लेगी। क्लब के सभी मेम्बर आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है । मुख्य अतिथि के रूप में थाणा वडेर के अध्यक्ष साहब सुरेश चौधरी सचिव कोषाध्यक्ष कमेटी के समस्त पदाधिकारी और गोडबंदर के भामाशाहों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर ठाणे खेल मंत्री हरीश सिंदडा व युवा अध्यक्ष राजु भाई ,आईजी स्पोर्ट्स क्लब ठाणे के बाबुलाल, नेनाराम, प्रकाश, मुकेश ,जेठालाल, मुकेश, कैलाश, सुरेश, मोहन लाल, सुरेश वोराराम ,महाराषट प्रांत के अध्यक्ष दिनेश कुमार, नरेश, चम्पालाल एवं महिला मंडल , युवा मंडल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहेगे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के बिरसिंहपुर में ली बैठक।

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना - आयोजित बैठक में जेंडर रेशियो का गैप पूरा करने, वी आई पी वोटर्स,क्क्ष्ठ वोटर्स,नये वोटर्स एवं 80 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके मतदाताओं की लिस्ट तैयार करने अधिनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को दिए निर्देश। बैठक में मझगवां एसडीएम जितेंद्र वर्मा,तहसीलदार सुजीत नागेश,नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी, नगर परिषद सीएमओ शैलेंद्र ओझा समेत महिला बाल विकास के अधिकारियों कर्मचारियों व क्क्ष्ह सुपरवाइजरों समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद।

सतना जिले के जैतवारा मैं मर्चरी ना होने से क्षेत्र की जनता परेशान

पुस्पंजली टुडे न्यूज
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना जिले के जैतवारा मैं पोस्टमार्टम रूम ना होने के कारण क्षेत्र की जनता के साथ साथ प्रशासन भी परेशान जैतवारा में पीएससी हॉस्पिटल और डॉक्टर होने के बावजूद भी नहीं है पोस्टमार्टम की कोई व्यवस्था जैतवारा क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र होते हुए रेलवे स्टेशन भी है जैतवारा से लगभग 20 गांव लगे हुए हैं आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है कहीं एक्सीडेंट कहीं कोई सुसाइड किया डेड बॉडी का पोस्टमार्टम जैतवारा में ना होने के कारण कोठी ले जाया जाता है जहां पर 4 से 5 घंटे का समय लग जाता है परिजनों के साथ साथ पुलिस भी परेशान रहती है कई बार तो ऐसा भी होता है की डेड बॉडी ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाती शव वाहन भी नहीं है जैतवारा नगर परिषद का ट्रैक्टर ही है जो डेड बॉडी को लेकर पोस्टमार्टम के लिए जाता है अगर जैतवारा में एक पोस्टमार्टम कक्ष बना दिया जाए तो समस्या का निदान हो सकता है हाल ही में ही कल जैतवारा में एक युवती सुसाइड किया था कोठी में महिला चिकित्सक ना होने के कारण लगभग 4 से 5 घंटे परिजनों को इंतजार करना पड़ा

अखबारों से अबैध बसूली, पत्रकारों में आक्रोश, डीएम को सौपा ज्ञापन

व्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे

एटा । उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के चालक परिचालकों द्वारा अखबारों को लाने ले जाने पर की जा रही अबैध बसूली और यात्रा के दौरान पत्रकार एवं पत्रकारों के परिवार के बैठने की समुचित व्यवस्था न करने को लेकर आज एटा के पत्रकारों ने आक्रोश जाहिर करते हुये जनपद के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री के नाम एक माँग पत्र तहसील दिवस के दौरान सौपा । पत्रकारों द्वारा सौपे गये ज्ञापन को डीएम एटा ने संज्ञान लिया और तत्काल सहयोगात्मक कदम उठाते हुये स्थानीय स्तर पर लिखित आदेश दिये, यही नहीं जनपद मुखिया ने माँग पत्र को उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्रालय को भेजने का भी भरोसा दिया । इस मौके पर बबलू चक्रबर्ती, सोनू कुमार माथुर ,अमित माथुर, महेश वर्मा, दिनेश शर्मा, प्रवीण पाठक, प्रदीप लोधी, अशोक शर्मा, मिथुन गुप्ता, आशीष राज

समाज जब जिम्मेदारी लेता है तो बड़े बदलाव लाता है - अंकुर गुप्ता एसडीएम

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद / गोहद चौराहा वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुक्तिधाम गोहद में एसडीएम अंकुर गुप्ता ने पहुंचकर पौधारोपण किया। उल्लेखनीय है कि सत्य साई सेवा समिति जिला ग्वालियर के जिला सेवा प्रभारी जेपी अग्रवाल के द्वारा मुक्तिधाम में साई प्रेम तरु पोधारोपण कर समय-समय पर सामाजिक सहयोग से पौधारोपण एवं अन्य निर्माण संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं7 इसी क्रम में आज सावन के इस माह में एसडीएम अंकुर गुप्ता ने मुक्तिधाम पहुंच कर पौधारोपण किया एवं मुक्ति धाम में पहले से लगे हुए पौधों को देखकर के इस पहल को सराहा तथा साथ ही उन्होंने कहा कि जहां सरकार किसी व्यवस्था में बदलाव लाती है तो लंबा समय लग सकता है लेकिन जब समाज किसी व्यवस्था को बदलने का संकल्प लेता है तो काम बड़ी जल्दी और आसानी से हो जाता ह। उन्होंने कहा कि पौधारोपण जैसी पहल पारिस्थितिकी संतुलन स्थापित करने में भी मदद करती हैं7 आज के इस कार्यक्रम में समाजसेवियों द्वारा एक स्थाई चौकीदार रखवाने एवं लाइट की उचित व्यवस्था के लिए एसडीएम साहब से अनुरोध किया इस अवसर पर कार्यक्रम में समाजसेवी राम मित्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, आसाराम ,गोविंद सिंह गौतम, पंडित राम किशोर शास्त्री, ज्ञानवीर सिंह सिकरवार, तिलक सिंह बोहरे उपस्थित रहे

ओबीसी महासभा सत्याग्रह पदयात्रा पहुंची गोहद, गुर्जर भवन पर हुआ भव्य स्वागत।

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। ओबीसी महासभा सत्याग्रह पदयात्रा का शुभारंभ 10 अगस्त 2023 को शिवपुरी जिले से किया गया था। यात्रा में ओबीसी समाज के लोधी गुर्जर, यादव, कुशवाह, बघेल, कुर्मी, प्रजापति, राठौर, मुस्लिम सहित अधिकांश सभी ओबीसी जातियों के लोग ओबीसी सत्याग्रह पदयात्रा में चल रहे हैं। यह सत्याग्रह पदयात्रा शनिवार को गोहद पहुंची यात्रा का गुर्जर भवन पर सत्याग्रह पदयात्रा में चल रहे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत किया गया एवं पदयात्रा में चल रहे पदाधिकारियों ने ओबीसी समाज के स्थानीय युवाओं को संबोधित करते हुए सत्याग्रह पदयात्रा के उद्देश्य बताएं इस दौरान ओबीसी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में हम नहीं जागे तो 2024 के बाद यह सरकारें चुनाव ही न कराएं, उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों, हिजड़ों, जानवरों, पशु, पक्षियों आदि की गणना करा सकती है तो हम लोगों की जातिगत जनगणना क्यों नहीं हो सकती। सरकारें जानबूझकर जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहतीं। सरकारें यदि जातिगत जनगणना करा लें तो हकीकत सामने आ जाएगी और ओबीसी को अधिकार देना पड़ेगा। ओबीसी समाज को अधिकार न देना पड़े इस कारण यह सरकारें जातिगत जनगणना नहीं करना चाहतीं, इसलिए हमें जनता की अदालत में जाना होगा और ओबीसी को वोट करना होगा तभी न्याय मिलेगा। इस दौरान ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय सचिव भूरे सिंह कुशवाह, प्रदेश महासचिव नारायण प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य भिंड राजवीर सिंह बघेल, रणजीत सिंह गुर्जर मेहगांव भिंड, शिव प्रताप सिंह बघेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य धर्मेंद्र कुशवाह, लोकेंद्र गुर्जर, एडवोकेट वैभव सिंह, डॉक्टर पुष्पराज पटेल, महेंद्र सिंह लोधी, अरविंद दांगी, लाखन सिंह किरार, वृंदावन प्रजापति, अहिवरन सिंह नरवरिया, मुबीन खान आदि ने संबोधित किया। इस दौरान ओबीसी महासभा की सत्याग्रह पदयात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

डेंगू मलेरिया एवं मौसमी बुखार से करें बचाव :डॉ.डी के शर्मा

स्कूलों में भी चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

उमाकान्त शर्मा
पुष्पांजली टुडे

भिण्ड।जिले में आजकल मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ता जा रहा है जिससे लोगों में डेंगू मलेरिया जैसी घातक बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि आजकल वायरल बुखार भी काफी चल रहा है जिसमें तेज बुखार चक्कर आना खून की कमी,जी मिचलाना जैसी स्थिति पैदा हो रही है जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मच्छरों से उत्पन्न बीमारी जैसे मलेरिया डेंगू आदि जानलेवा साबित हो रही है जिला मलेरिया अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने मलेरिया व डेंगू निरोधक अभियान शुरू किया है जिसके तहत स्कूलों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है लोगों को सावधानियां बरतने के लिए भी कहा गया है यदि हमारे आसपास पानी भरा रहेगा तो उसमें मलेरिया व डेंगू का लार्वा उत्पन्न होता हैं जिन्हें उसी समय यदि नष्ट न किया गया तो वे मच्छरों का आकार लेकर लोगों की सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव डालते हैं।डॉ. शर्मा जी ने बताया कि पुराने जमाने में बुजुर्ग लोगों द्वारा इसका बहुत ध्यान रखा जाता था जैसे ही कोई बाहर से आया तो उसको हाथ पैर धोने के लिए कहना जिससे सारे जीवाणु बाहर ही समाप्त हो जाएं।और शील पैक खाने पीने की वस्तुओं को खरीदने से परहेज करना चाहिए क्योंकि कई तरह के केमिकल का प्रयोग उनको लम्बे समय तक सही रखने के लिए किया जाता है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही खतरनाक साबित होता है तथा उन्होंने कहा कि अपने घर के आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी एवं जल भराव हो तो उसमें जला हुआ तेल या मिट्टी का तेल डालने से भी लार्वा खत्म हो जाता है ।आपको विदित हो कि जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया गया। डेंगू अन्य वाहक जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करने तथा बचाव हेतु स्कूलों में जागरूकता शिविर एवं सार्वजनिक स्थलों में शिविर लगाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।डॉ. शर्मा ने बताया कि मलेरिया विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर लार्वा सर्वे एवं विनिष्टीकरण, फीवर सर्वे जैसी गतिविधियां की जा रही हैं। सार्वजनिक स्थलों गौरी सरोवर,अस्पताल परिसर,आंगनवाड़ी केन्द्र, गोल मार्केट,बस स्टैण्ड आदि कई जगहों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को लार्वा के बारे में बता व दिखाकर शहरवासियों व ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रंखला में शालेय छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा देकर जागरूक किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन योजना से महिलाओं को पानी ड़ोने से मिली मुक्ति

साफ पानी से परिवार के स्वास्थ की रक्षा हो रही है सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया अटेर क्षेत्र के ग्रामों में 918 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

युवा नेता एवं समाजसेवक पंकज ठाकुर को आम आदमी पार्टी से जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया,

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे
पुष्पांजली टुडे

अपने दायित्व को पूर्ण प्रेम निष्ठा भाव से निर्वहन हेतु सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा करता हूं, देशसेवा व जनसेवा मेरा लक्ष्य है और मैं इस लक्ष्य पर अटल रहूंगा।

पंकज ठाकुर
जिला मीडिया प्रभारी

आम आदमी पार्टीभिण्ड । सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि जिले का हर गांव आत्म निर्भर हो इसके लिए हम सबको शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक स्वावलंबी होना होगा। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में कहा कि गांव का एक भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे यही हम सबका ध्येय है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वच्छ जल मिलने से जहां जल जनित बीमारियां कम हुई हैं, वहीं महिलाओं को पानी की लाइन लगाने तथा पानी ड़ोने से मुक्ति तो मिली ही है, साथ ही श्रम एवं समय की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत् प्रत्येक गांव में पर्याप्त मात्रा में नल से पानी पहुंचाया जाएगा। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर में टोंटी वाले नल से पानी पहुंचेगा।उन्होंने अटेर क्षेत्र में मुहैया कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं को भी रेखांकित किया जिसमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी व खेती के क्षेत्र में हुए नवाचारों के संबंध विस्तार से जानकारी दी। आज प्रदेश बिजली, पानी, सड़क के साथ जैविक खेती में भी अग्रणी है। सरकार द्वारा हर समाज को सशक्त और सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। एक समय था जब लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। आज

हमारी सरकार में व्यक्ति को घर-घर जाकर पूछा जा रहा है कि उन्हें लाभ मिला है या नहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य भी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में विकास की गंगा बहा दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा, हर गरीब अपने पक्के घर में रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् हर गरीब का पक्का घर बन रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारंभ की हैं। यह अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि उज्जवला योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है।सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि अटेर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि अटेर क्षेत्र में अनेक निर्माण कार्य जारी हैं साथ ही कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश, आवागमन के लिए अच्छी सड़कें आदि सरकार की प्राथमिकता है। विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजनसहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास पर्व अंतर्गत अटेर क्षेत्र के ग्रामों में 918.69 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें ग्राम स्यावली में महेवा-बघेडी मार्ग से स्यावली पहुंच मार्ग निर्माण लम्बाई 1.50 किमी लागत 139.80 लाख, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्यावली में नलजल योजना लागत 281.76 लाख, ग्राम पाली में पाली से रामधुन सिंह का पुरा (धर्म सिंह का पुरा) गोअरखुर्द मार्ग निर्माण लम्बाई 1.50 किमी लागत 136.61 लाख, जलजीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाली की नलजल योजना लागत 132.07 लाख, ग्राम मौरा पंचायत ग्राम सौरा में पावई-अंगदपुरा मार्ग से मौरा प्रधानमंत्री मार्ग तक मार्ग निर्माण लम्बाई 1.45 किमी लागत 105.83 लाख, ग्राम खडेरी में पंचायत भवन निर्माण कार्य लागत 20 लाख, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खडेरी में नलजल योजना लागत 102.62 लाख का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

संपादकीय

तबाही के सबक

इस साल का मानसून हिमाचल में जिस कदर कहर बनकर बरपा है, वह अप्रत्याशित व भयावह है। दरअसल, मीडिया व पर्यावरणविद् लंबे समय से जिस ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरणीय संकट के प्रति चेता रहे थे, उसने अब हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। मंडी से लेकर शिमला तक तबाही का जो मंजर सोशल मीडिया व परंपरागत समाचार माध्यमों में दिखा है उसने शेष देश के लोगों को भी व्यथित किया है। पंद्रह अगस्त को शिमला में समरहिल की त्रासदी ने हर किसी को दुख से भर दिया। वहीं जगह–जगह बहुमंजिली इमारतों के ढहने के दृश्यों ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये। बताते हैं कि इस मानसून सीजन में हिमाचल में बादल फटने, अतिवृष्टि–भूस्खलन आदि में मरने वालों का आंकड़ा पौने तीन सौ को पार कर गया है। अभी काफी लोग लापता हैं। भूस्खलन की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। राज्य को होने वाले आर्थिक नुकसान का आकलन सात हजार करोड़ से अधिक किया गया है। वास्तविक स्थिति का आकलन दूरदराज के इलाकों से नुकसान की अंतिम सूचना आने के बाद होगा। उफनती नदियां, गरजते बरसाती नाले और दरकते पहाड़ लोगों को भयाक्रांत बना रहे हैं। हिमाचल व उत्तराखंड में लगातार बादल फटने की घटनाएं भयभीत कर रही हैं। यह कुदरत का बदला मिजाज क्यों कहर बरपा रहा है, इसकी तार्किक व्याख्या जरूरी है। पहले बादल फटने की घटनाएं कम ही सुनने में आती हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि जिन इलाकों में बांधों का निर्माण होता है वहां पर्यावरण में असामान्य आर्द्रता बादल फटने की प्रक्रिया को अंजाम देती है। बहरहाल तय है कि बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है। कम समय में अधिक तेज बारिश पहाड़ों को खोखला कर रही है। वहीं तंत्र की काहिली और विकास में भ्रष्टाचार की कलई भी बारिश खोलती है। गुणवत्ता से समझौता और भौगोलिक जरूरतों के अनुरूप सार्वजनिक निर्माण का न होना भी नुकसान की वजह बनता है। यही वजह है कि अंग्रेजों के समय के कई निर्माण जस–के–तस खड़े हैं और बाद के पुल नदियों में बहते नजर आते हैं। बहरहाल, यह तबाही देश के पहाड़ी राज्यों के लिये सबक लेकर आई है। जनसंख्या के बोझ से दबे पहाड़ी इलाके बहुमंजिला इमारतों के अतिरिक्त बोझ को उठाने में सक्षम नहीं हैं। अंग्रेजों के जमाने में पर्वतीय टूरिस्ट स्थलों में आवासीय भवनों के लिये सीमित मंजिलों के निर्माण की ही अनुमति थी। उनकी छतें हल्की होती थीं। खुद को सर्वशक्तिमान समझने वाले मनुष्य को बोध होना चाहिए कि इंसान को पहाड़ पर चढ़ते वक्त झुकना होता है। शिमला व मसूरी जैसे हिल स्टेशन शहरी विलासिता का बोझ उठाने में सक्षम नहीं हैं। हिमाचल व उत्तराखंड के हिमालयी पहाड़ अपेक्षाकृत नये और विकास का अनियंत्रित बोझ उठाने की दृष्टि से संवेदनशील हैं। अनियोजित विकास और व्यावसायिक तथा निर्माण कार्यों के लिये पेड़ों के कटान ने पहाड़ों की उस परत को नष्ट किया है जो तेज बारिश से भूस्खलन को रोकती थी। वहीं नीति नियंताओं ने इन पहाड़ी राज्यों में फोर लेन हाईवे और ऑल वैदर रोड बनाने का जो फैसला लिया, उसने कमजोर पहाड़ों की बुनियाद खोखली कर दी। पहाड़ों को अवैज्ञानिक तरीके से काटा गया। जिससे पहाड़ का आधार कमजोर होने से वे भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील हो गये। दरअसल, वातानुकूलित कमरों में बैठकर पहाड़ों की विकास योजनाओं को बनाने वाले यह भूल जाते हैं कि विकास का मैदानी फार्मूला पहाड़ों में नहीं दोहराया जा सकता। यहां सीमित मंजिलों के भवनों के निर्माण की अनुमति भूमि के वैज्ञानिक अध्ययन के बाद दी जानी चाहिए। उत्तराखंड में जोशीमठ के धंसने के बाद सामने आए एक वैज्ञानिक अध्ययन में बताया गया कि सीवर लाइन का पानी पहाड़ों के भीतर डालने से उनके दरकने की गति बढ़ी है। इस तथ्य के बारे में नीति–नियंताओं को गंभीरता से सोचना होगा। साथ ही हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि पहाड़ों को बचाने के लिये वह अपना योगदान दे। हर काम सरकार ही नहीं करेगी, हमारा व्यवहार और जीवन शैली पहाड़ के मिजाज के अनुरूप होनी चाहिए। अन्यथा हमें पहाड़ के रौद्ररूप देखने के लिये बार–बार तैयार रहना होगा।

परिवर्तन से नए अवसर की उत्पत्ति

जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं।

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ–साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस "आई हैव ए ड्रीम" की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था ष्यस वी कैनष ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है। परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार–बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया। एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे–धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था। व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का ना तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई। मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफलता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदानओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।

लाल किले का कद घटाते नरेन्द्र मोदी

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस लहजे में सम्बोधित किया वह उनकी प्रवृत्ति व तेवर के बहुत विपरीत तो नहीं था लेकिन ज्यादातर लोग मानकर चल रहे थे कि अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम स्वतंत्रता दिवस समारोह के बतौर हाल की अनेक घटनाओं से पीड़ित लोगों के जख्मों पर मरहम लगाकर मोदी बतलाएंगे कि पूरा देश एक स्पंदित समाज है जिसके पास परस्पर सुख–दुख में एक–दूसरे को सम्भालने की ताकत है और जो उदार और संवेदनशील भी है। मोदी ने एक बार फिर से करने वाला मोदी का यह भाषण उनके पिछले किसी भी अन्य उद्बोधन से कतई अलहदा नहीं था। 15 अगस्त का उल्लेख करने वाले उनके वाक्यों को हटा दिया जाये तो यह फर्क करना मुश्किल होगा कि मोदी ये बातें अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कर रहे हैं या संसद में

मुख्य अतिथि और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख होने के नाते वे अमृत काल के समापन अवसर पर दिये जाने वाले उद्बोधन के जरिये राष्ट्र को गरिमामय तरीके से कोई अभिनव दिशा देंगे। आशा की गई थी कि बदहाली से विचलित व व्यथित देश की अवाम और सभी को निराश किया, जैसा कि वे इसी स्थान पर खड़े होकर पिछले 9 वर्षों से करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी संदेश दे दिया कि उनके पास कहने के लिये मौलिक कुछ भी नहीं है। इतिहास को कोसने और सारी योजनाओं का प्रतिफल कहीं दूर भविष्य में उपलब्ध अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष की आलोचना करने, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का इजहार करने और हवाई किले बनाने की उनकी प्रवृत्ति स्थान और प्रसंग विशेष का भेद मिटा देती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जश्ने–आजादी– 2023 का उनका वक्तव्य केवल उनके अपने पद की ही प्रतिष्ठा में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज करने के लिये याद नहीं किया जायेगा बल्कि वह राष्ट्र के सबसे पवित्र पर्व एवं सर्वोच्च मंच की गरिमा दोनों को ही धूल–धुसरित करने वाले ऐसे एकालाप के रूप में दाखिल हो गया है जिसका प्रदर्शन वे अपने दो बार के कार्यकाल में अनगिनत बार कर चुके हैं। चूंकि चुनाव जीतने और सत्ता बनाये रखने में 24–7 व्यस्त रहने वाले मोदी का सारा विमर्श परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की घिसी–पिटी बातों तक सीमित था अतरू उनके पास देशवासियों को देने के लिये कुछ था ही नहीं। यह अवसर तमाम क्षुद्रताओं व संकार्णताओं से उठकर कुछ नया कहने और करने की प्रेरणा देने वाला होता है। पिछले सारे प्रधानमंत्रियों ने यही किया है। कई पीएम ऐसे हुए जिनका कद न जवाहरलाल नेहरू जितना था, न ही लालबहादुर शास्त्री साय और न ही इंदिरा गांधी जैसा। हर कोई समकालीन परिस्थितियों, अपनी विशिष्ट कार्य शैली और विचारधारा के अनुरूप देशवासियों से मुखातिब हुआ। सभी प्रधानमंत्री प्राचीर की सीढ़ियों के नीचे दलगत सियासत और निजी विचारों को छोड़कर उद्बोधन के लिये ऊपर चढ़ते थे। वैसे तो मोदी के पहले के सारे वक्तव्यों में भी प्रकारांतर से विरोधियों को ललकारने, कोसने, नीचा दिखाने जैसे तत्व पाये जाते रहे परन्तु मंगलवार का सम्बोधन उनके वर्तमान कार्यकाल का आखिरी था जिसे उन्होंने यूं लिया मानों वे अपने राजनैतिक विरोधियों से हिसाब अंतिम रूप से चुकता कर रहे हों। उनका सर्वाधिक अभद्र प्रदर्शन वह था जब उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल यहां वे ही तिरंगा फहरायेंगे। ऐसा कहना एक तरह से सम्पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही अपमान है। आखिर कोई पीएम यह दावा कैसे कर सकता है कि अगले साल के मध्य में होने जा रहे आम चुनावों में जनता उनकी पार्टी को ही बहुमत से जिताएगी। दूसरे, भारत में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था तो है नहीं, जैसी कि अमेरिका में है जहां राष्ट्रपति प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होता है। यहां सबसे बड़े विजेता दल के द्वारा संसदीय दल में अपना नेता चुना जाता है जो सामान्य तौर पर उस पार्टी के द्वारा भी स्वीकृत होता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो उसके बारे में लोकप्रिय मान्यता यह है (जो काफी हद तक सही है) कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसे तय करता है उसे ही भाजपा कार्यकारिणी अनुमोदित करती है। मोदी के मामले में भी यही हुआ था। अगर मोदी अगले साल भी झंडा फहराने की बात करते हैं तो क्या यह समझा जाये कि उन्हें भाजपा व संघ की अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है? क्या वे इन दो संगठनों से बड़े हो गये हैं? अगर ऐसा है तो यह भाजपा–संघ दोनों के लिये चिंताजनक है। गौतम अदानी के साथ उनके संबंधों को लेकर हुए खुलासों के साथ ही उनके नेतृत्व में भारत में फैली परस्पर नफरत, सामाजिक ध्रुवीकरण के कुत्सित प्रयासों से ऊपजी हिंसा (हालिया मणिपुर, मेवात, जयपुर–मुंबई ट्रेन में मुस्लिमों पर गोलीचालन आदि की घटनाएं), मानवाधिकार के हनन जैसे मुद्दों के कारण उनका चेहरा काफी दागदार हो गया है। इसके अलावा सतत मजबूत होते विपक्षी गठबन्धन ने मोदी की जमीन को खिसका दिया है। देश के भीतर व बाहर उनकी जबर्दस्त किरकिरी हुई है। अपनी इसी दरकती जमीन को बचाने के लिये मोदी ने लाल किले का इस्तेमाल एक ओर तो अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये किया तो वहीं अपनी दावेदारी भी पेश की है। मोदी का यह भाषण जनमत को नीचा दिखाना तो है ही, समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली का अपमान भी है। मोदी ने इस ऐतिहासिक अवसर एवं स्थान का जैसा इस्तेमाल किया है वह न केवल भौंडा है, बल्कि अनैतिक व अलोकतांत्रिक भी है। मोदी ने अपने पद की गरिमा ही नहीं गिराई, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से भारतीय गर्व के प्रतीक लाल किले का कद भी घटाया है।

सरकारी नौकरी सदाचारी को

देश और राज्यों की अपराध की स्थिति का अगर अध्ययन किया जाए तो सबसे चिंताजनक और भयावह आंकड़े महिलाओं के प्रति अपराध या घरेलू हिंसा के मिलते हैं। महिलाओं के प्रति सामान्य छेड़छाड़, आपराधिक मनोभाव से पीछा करना जैसे सामान्य अपराधों से लेकर बलात्कार, गैंगरेप और फिर बेहद बर्बरतापूर्ण हत्या कर देने वाली घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। यह समस्या केवल एक राज्य या समाज की नहीं है बल्कि यह समस्या देशभर की है। स्थिति काफी भयावह है, शायद ही किसी दिन के अखबारों के पन्नें ऐसी दिल दहला देने वाली खबरों से वंचित मिलें। सरकार और समाज ऐसी घटनाओं पर चिंतित हैं। महिला सुरक्षा की तमाम योजनाओं के बावजूद ऐसी घटनाओं में कमी नहीं आ रही, बल्कि इसकी बर्बरता बढ़ती जा रही है। कानून भी सख्त होते जा रहे हैं। मीडिया भी सजग होकर इन घटनाओं के खिलाफ मुहिम में अपनी भूमिका निभा रहा है। अदालतों ने भी अपना रवैया सख्त कर लिया है, फिर भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। मणिपुर में महिलाओं से दरिन्दगी का वीडियो वायरल होने के बाद एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही हैं। इस तरह की मानसिकता के पीछे पितृसत्तात्मक समाज की बहुत गहरी पैठ है। वह पितृसत्तात्मक समाज जो स्त्री को सिर्फ और सिर्फ दासत्व के रूप में देखता है, वह मानसिकता अर्धनारीश्वर की बात नहीं करती। वह स्त्री को पुरुष के साथ जोड़कर संपूर्णता की बात नहीं करती। वह निरंतर इस बात को नहीं उठाती कि यदि पुरुष को अपनी पत्नी का साथ नहीं मिलेगा तो वह पूर्णतः अधूरा है। वह निरंतर सिर्फ इस बात को उठाती है कि यदि स्त्री ने अपने विवाहित

जीवन में परिपूर्णता हासिल नहीं की तो उसका जीवन नगण्य है, उसका अस्तित्व अधूरा है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उनकी अस्मिता बनाए रखना सरकारों की और समाज की प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़घ्के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की है कि अब राज्य में महिलाओं, लड़कियों और बच्चियों से बलात्कार, छेड़छाड़ और अन्य अपराध करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकार्ड रखा जाएगा और उनके कैरेक्टर सर्टिफिकेट में भी इसका उल्लेख किया जाएगा। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐलान किया था कि राज्य में महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। राजस्थान सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए नए कानून ला रही है। जिसमें छेड़खानी करने वालों से हिस्ट्रीशीटरों की तरह व्यवहार करने का प्रावधान होगा। जिस तरह से हिस्ट्रीशीटरों की तस्वीरें थानों में लगती हैं उसी तरह महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों की भी तस्वीरें थानों में लगेंगी। इसका अर्थ यही है कि दोनों राज्यों में सदाचारी को ही सरकारी नौकरी मिलेगी। हाल ही में केन्द्र सरकार ने भी भारतीय दंड संहिता को बदलने के लिए तीन विधेयक पेश किए हैं। नए कानूनों में बालिकाओं से रेप और यौन उत्पीड़न के आरोप्यियों को फांसी तक की सजा देने के प्रावधान किए जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकार ने अच्छा कदम उठाया है लेकिन सबसे बड़ा अहम सवाल यह है कि महिलाओं के प्रति अपराध किस तरह से कम किए जाएं। अब सवाल आता है कि क्या महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने में समाज अपनी भूमिका निभाएगा। पहले कहा जाता था कि महिलाओं की दुर्दशा का बड़ा कारण अनपढ़ता है लेकिन समाज ने बहुत पहले ही शिक्षा के महत्व को स्वीकार कर लिया है। महिलाएं आज शिक्षा के मामले में पुरुषों से आगे निकल चुकी हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में तरह–तरह के कामकाज करती नजर आती हैं। एक ओर जहां वे साइकिल चलाती हैं, कार चलाती हैं तो फाइटर प्लेन भी उड़ाती हैं। जिस ग्लास सीलिंग को तोड़ने की बात अरसे से की जा रही है उसका कहीं नामोनिशान नहीं बचा है। छोटे शहरों की लड़कियां हर क्षेत्र में दस्तक दे रही हैं। वे बड़ी–बड़ी कंपनियों की सीईओ हैं, आईएएस और आईपीएस अफसर हैं, नेता हैं, डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सैनिक, सेना में अफसर, वैज्ञानिक, अभिनेत्री, रेडियो जॉकी, टीवी एंकर, व्यापारी, स्टॉक मार्केट विशेषज्ञ– क्या नहीं हैं। इसरो के चंद्रयान अभियान में महिला वैज्ञानिकों ने बड़ी भूमिका निभायी थी। सरकारी योजनाओं में गरीबों को जो घर दिए जाते हैं उनकी मालकिन भी महिलाएं होती हैं। कई तरह के कानून महिलाओं के पक्ष में हैं। महिलाओं की सहायता के लिए मुफ्त परामर्श केन्द्र और दुष्कर्म पीड़िताओं के लिए क्राइसिस सैंटर भी बनाए जा रहे हैं लेकिन जब तक समाज अपनी मानसिकता नहीं बदलता तब तक महिलाओं के प्रति अपराध कम नहीं हो सकते। महिलाओं को अत्याचार से मुक्त करना है तो हमें बच्चों को बचपन से ही उनका आदर करने और संस्कार कूट–कूट कर भरने होंगे और उनका नजरिया महिलाओं के प्रति साकारात्मक बनाना होगा। नैतिक मूल्यपरक शिक्षा ही बढ़ती समस्या का स्थायी समाधान है।

अंधे कत्ल का पर्दाफाश,एसपी मनीष खत्री ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

एसपी ने नवांगत टीआई राजेश शर्मा व उनकी टीम एवं सायबर सेल टीम को दी बधाई

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी गोहद सौरव कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस थाना गोहद द्वारा अंधे कत्ल का खुलासा कर घटना में प्रयुक्त आलाजरर मय मोटरसाइकिल, दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।दिनांक 15 व 16/08/2023 की रात्रि को अपने घर के बाहर बाढ़े में सो रहे भगवती प्रसाद शर्मा को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लाठी, डन्डो से सिर में एवं शरीर में मारपीट कर हत्या कर दी थी। आरोपीगण रात्रि में अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये थे, फरियादी शिवराम शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 329/2023 धारा 302 भादवि. का कायम कर विवेचना में लिया गया।घटना की गम्भीरता को देखते हुऐ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गोहद एवं सायवर सेल की संयुक्त टीम को तत्काल अज्ञात आरोपियो की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । उक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं लगन से घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर घर पर मौजूद परिजनो से अलग-अलग पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान ही पुलिस को घर के किसी व्यक्ति द्वारा ही घटना कारित करने की शंका हो गई थी। पुलिस को आसूचना संकलन से जानकारी प्राप्त हुई कि दोनों भाईयों में जमीन बटवारे को लेकर विवाद चल रहा था एवं मृतक भगवती प्रसाद का भाई जो घटना के समय स्थल के पास ही सोया हुआ था पर पुलिस को संदेह जाहिर हुआ तब मृतक के भाई से पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया एवं बताया कि उसने जमीन विवाद को लेकर अपने रिश्ते के साले के साथ मिलकर मृतक भगवती प्रसाद की हत्या करने की योजना बनायी एवं योजनानुसार आरोपी ने अपने साले तथा उसके दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 15 व 16 अगस्त 23 की मध्य रात्रि को घटना को अंजाम देकर मृतक भगवती प्रसाद शर्मा की हत्या कर दी थी। प्रकरण सदर में मृतक के भाई एवं उसके साले की गिरफ्तारी की गई है, अन्य दो आरोपियों की गिरस्तारी के प्रयास किये जा रहे है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहद निरीक्षक राजेश शर्मा,उपनिरीक्षक ध्यानेन्द्र सिंह,विजय कुमार शिवहरे, का. उनि वीरेन्द्र कुमार गुप्ता,प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा,आरक्षक उग्रसेन, विजय, धर्मेन्द्र,भूपेन्द्र सिंह, जीतू कुशवाह,जीतेन्द्र कदम,पदम सिहं,महिला आरक्षक पूनम,महिला आरक्षक प्रीति, एवं सायवर सैल प्रभारी एसआई दीपेन्द्र सिहं,एसआई शिवप्रताप सिंह,एएसआई सत्यवीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में अब राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से संबंधित पाठ्यक्रम होंगे संचालित

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा। विंध्य के प्रतिष्ठित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में अब एमबीए,फार्मेसी तथा लॉ के नवीन पाठ्यक्रम सत्र 2023-24 से संचालित होंगे। अब छात्रों को एमबीए,फार्मेसी तथा लॉ जैसे पाठ्यक्रमों के अध्ययन हेतु अब रीवा से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।शहर में शिक्षा के क्षेत्र का प्रतिष्ठित संस्थान पेंटियम पॉइंट जो कि छात्र-छात्राओं के बेहतर शिक्षा के लिए सत्र 2002-03 से संचालित हो रहा है जिसमें अब बेहतर एवं तकनीकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के साथ एमबीए, फार्मेसी तथा लॉ के नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। जिसमें पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी फार्मा कोर्स संचालित है जोकि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया,नई दिल्ली तथा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त है। छात्र छात्राओं के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त प्रयोगशाला के साथ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर युक्त नवीन भवन छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु

बनकर तैयार है यहां पर सत्र 2023 से प्रवेशित छात्रों हेतु समर्पित है। साथ ही पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए (दो वर्षीय) नियमित पाठ्यक्रम का संचालन शुरू किया जा चुका है जो कि एआईसीटी नई दिल्ली तथा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से संबंध है। बताया गया है कि रीवा तथा आसपास के छात्र-छात्राएं जो एमबीए के अध्ययन हेतु बाहर जाते थे जो कि अब अपने शहर रीवा में ही राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संबंध पाठ्यक्रम संचालित है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश शासन का तकनीकी विश्वविद्यालय हैं जो कि तकनीकी पाठ्यक्रमों की मान्यता प्रदान करता है उसी के अंतर्गत पेंटियम पॉइंट को भी एमबीए की मान्यता प्रदान की गई है। पेंटियम पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ में लॉ के पाठ्यक्रम जिसमे बी ए एलएलबी (पांच वर्ष)तथा एलएलबी (तीन वर्ष) संचालित है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक बीएन त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा है साथ ही किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए शिक्षक अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। जो कि यहां पर सभी पीएचडी, नेट/सेट योग्यता वाले शिक्षक हैं। अब छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए भी बाहर नहीं जाना पड़ेगा। महाविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट पर कार्य किया जा रहा है, पहले छात्र रीवा से बाहर उपरोक्त पाठ्यक्रमो के अध्ययन हेतु जाते थे जहा पर भारी-भरकम फीस खर्च होती थी जो कि अब वही पाठ्यक्रम अपने रीवा शहर में कम शुल्क के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा छात्र- छात्राओं को उपलब्ध है।

जिले भर के पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को कई सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

मांगे नहीं पूरी होने पर 28 अगस्त से सभी जिले भर के पटवारी रहेंगे कलमबंद हड़ताल पर

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
(सम्भागीय ब्यूरो)

रीवा।मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर अपनी लंबित 2800/ ग्रेड पे की मांग हेतु जिला रीवा के जिलाध्यक्ष और समस्त तहसीलों के तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में दिनांक 18 अगस्त को पटवारियों ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर रीवा शैलेंद्र सिंह को सौंपा है जिसके तहत आंदोलन के प्रथम चरण में 21. अगस्त को जिला के समस्त पटवारी शशकीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट होंगे और सारा एप, सहित समस्त प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे आंदोलन के द्वितीय चरण में 23 अगस्त से तीन दिवस का सामूहिक अवकाश पर पटवारी रहेंगे और शांशन द्वारा सुनवाई न होने पर 28 अगस्त से प्रदेश के समस्त पटवारी कलमबंद हड़ताल पर जाएंगे ..पटवारी राजस्व विभाग की रीढ़ होने के बावजूद उपेक्षा के शिकार हो रहे है माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पटवारियों के प्रतिनिधि मंडल से मिलकर आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज दिनांक तक कोई सुनवाई नहीं की गई कहां जा रहा है कि मध्य प्रदेश की सरकार जिले भर के पटवारी को अनदेखा कर रही है वहीं अगर सभी पटवारी कलमबंद हड़ताल पर चले गए तो एक बार फिर राजस्व विभाग का पूरा कामकाज ठप्प, हो जाएगा जिससे किसानों पर पूरा असर पड़ेगा।

केन्द्रीय मंत्री ने हनुमना में 20 दिव्यांगों को प्रदान की तिपहिया साइकिल

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(संभागीय ब्यूरो रीवा

रीवा। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार एक दिवसीय प्रवास पर नवगठित मऊगंज जिले पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री ने हनुमना जनपद पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 20 दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री ने 7 दिव्यांगों को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल तथा 13 दिव्यांगों को सामान्य तिपहिया साइकिल प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री ने पुष्पहारों से दिव्यांगों का स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। तिपहिया साइकिलों का वितरण एडिप योजना के तहत एलेम्को कंपनी तथा जिला प्रशासन द्वारा किया गया।

चोरहटा पुलिस एवं रीवा की स्पेशल टीम की यूपी में दबिश नशीली कफ शिरफ का मुख्य कारोबारी पकड़ाया, चार गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। रीवा में लंबे समय से नशे की सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर का रीवा पुलिस ने न सिर्फ पता लगाने में सफलता हासिल की है बल्कि उसे यूपी से उठाकर रीवा लाया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर पकड़ी गई, खेप के साथ चोरहटा थाना पुलिस व पुलिस की स्पेशल टीम ने मिलकर की है। चोर नशीली कफ सिरप की खेप लाई जा रही थी। खेप के साथ दो तस्करों को चोरहटा पुलिस ने पकड़ा था। जिसके बाद पुलिस यूपी के मेन सप्लायर तक जा पहुंची। और फिर उसे गिरफ्तार कर रीवा ले आई।पुलिस के मुताबिक यूपी का मुख्य सप्लायर पंकज गुप्ता है, जो उत्तर प्रदेश के करवी का रहने वाला है। और करवी में ही मेडिकल की दुकान संचालित कर, रीवा में नशे की खेप सप्लाई करता था। दरासल एक दिन पूर्व चोरहटा थाना पुलिस ने यूपी से सेमरिया के रास्ते लाई जा रही नशीली कफ सिरफ की खेप को पकड़ा था। कार्यवाही के दौरान 2 लाख से अधिक की 12 पेटी नशीली कफ सिरप जप्त कर संतोष सिंह निवासी दुआरी एवं कृष्ण कुमार द्विवेदी निवासी खैरी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से जब लाए गए खेप के संबंध में पूछताछ की तो, उन्होंने बताया कि यह खेप कर्वी में एक मेडिकल स्टोर के संचालक से खरीद कर लाई गई है। जिसे वह रीवा शहर में बिक्री करने वाले थे, पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बयान के आधार पर पहले तो कर्वी के मेडिकल स्टोर संचालक पंकज गुप्ता को न सिर्फ आरोपी बनाया, बल्कि उसे कर्वी से गिरफ्तार कर रीवा ले आई। बताया जा रहा है कि यूपी से पकड़े गए इन मेन सप्लायर से रीवा के कई नामचीन तस्कर नशे की खेप लेकर आते हैं पुलिस पूछताछ कर रीवा के सभी तस्करों की जानकारी जुटाते हुए, तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस की इस कार्यवाही के बाद से रीवा के साथ-साथ यूपी के सप्लायरो तक हड़कंप मच गया है

जिले में सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए चल रही स्नेह यात्रा

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। रीवा जिले में लगातार 4 दिन स्नेह यात्रा जारी है। शासन के विभिन्न विभागों तथा जन अभियान परिषद के संयुक्त प्रयासों से यात्रा निरंतर आगे बड़ रही है। जिले में 19 अगस्त को स्नेह यात्रा सिरमौर विकासखण्ड के सेमरिया से आरंभ हुई। यात्रा का नेतृत्व पचमठा के संत श्री ब्राम्हचारी जी महराज कर रहे हैं। हरदुआ पहुंचने पर ग्रामीणों ने आरती उतार कर संतो का स्वागत किया। स्नेह यात्रा ग्राम करमई अटरिया होते हुए पुर्वा पहुंची। पुर्वा में जनसंवाद करते हुए ब्राम्हचारी महराज ने कहा कि समाज में प्रेम और सद्भाव होने पर ही सामाजिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगी। हम सबको भेदभाव भुलाकर समाज और देश की एकता के लिए प्रयास करना चाहिए। सहयोग और सद्भाव से ही समरसता बड़ेगी। ग्राम पुर्वा में स्नेह यात्रा के दौरान सर्बवर्ग समरसता भोज का आयोजन किया गया। संत श्री ब्राम्हचारी जी महराज ने स्वयं सभी को भोजन परोसा। भोज में सभी वर्गों के लोग और समुदायों के लोग शामिल हुए। इसके बाद स्नेह यात्रा ग्राम गोदहा पहुंची गोदहा में महिलाओं ने मंगल कलशों तथा पुष्पवर्षा से संतो का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा ग्राम बरौ, डेल्ही, पथरी, डोलमऊ तथा ग्राम पड़री होती हुई विकासखण्ड मुख्यालय सिरमौर पहुंची। सिरमौर में भी जनसंवाद का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे संत श्री ब्राम्हचारी जी महराज ने सामाजिक एकता और ईश्वर भक्ति का संदेश दिया। स्नेह यात्रा ने सिरमौर में रात्रि विश्राम किया। स्नेह यात्रा 20 अगस्त को जवा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण करेंगी।

विप्र सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ल ने सामाजिक क्षेत्र में निजी व्यय से 445 आयोजन कर रचा इतिहास

दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

विप्र सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने निजी व्यय से सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में 445 आयोजन कर नया कीर्तिमान बनाया शिक्षा, स्वास्थ और स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रमुखता से कार्य किया100 से ज्यादा बार हो चुके सम्मानित और रक्तदान और पौधरोपण में ग्रीनिज बुक ऑफ इंडिया रिकॉर्ड के सहभागी बने

शासन ,प्रशासन या जन प्रतिनिधियों से नहीं लिया 01 रुपये की सहायता- विप्र सेवा संघ की स्थापना वर्ष 2016 में राजीव शुक्ला द्वारा की गई थी श्री शुक्ल ने 5-6 वर्षो में कड़ी मेहनत कर निजी व्यय से करोड़ों रुपये समाज हित में लगाये. . वर्तमान में विप्र सेवा संघ के सदस्य भारत के 20 राज्यों सहित मध्य प्रदेश के 40 जिलों में हैं विप्र सेवा संघ ढुस्ह सर्टिफाई और भारत सरकार के स्स्स्थ और हढ्ढझढ्ढ-ड्ढ्हल में पंजीकृत हैं। सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में वैसे तो अनेकों कार्य किये गये हैं जिसमें 445 आयोजन धरातल में मुख्य निम्न लिखित हैं।

1- निजी व्यय से चिर्हुला मंदिर रीवा में धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा हैं कार्य अंतिम सिरे पर हैं लाखों लोग होंगे लाभांवित।

2- निजी व्यय से माडल साइंस कालेज में पार्क बना कर दिया 3 हजार बच्चे हों रहे लाभांवित।

3- निजी व्यय से कोरोना काल में 20 हजार से ज्यादा लोगो को निःशुल्क भोजन ,मास्क , सैनिटाइजर ,सिलेंडर और रहने की सुविधा उपलब्ध करवाया।

4-- निजी व्यय से कोरोना काल में पौधारोपण अभियान के तहत भारत के 20 राज्यों में निःशुल्क लाखों पौधे लगवाये।

5- अनेकों गरीबों का इलाज करवाया जैसे केंसर ,किडनी , लीवर ,हार्ट और अन्य गंभीर बीमारी 6- निजी व्यय से 10 हजार से ज्यादा बच्चों कों निःशुल्क शिक्षा दी जा चुकी हैं जरूरतमंद छात्र छात्राओं को कम्पूटर, साइकल , कपड़े ,बैग , फीस और पाठ्य पुस्तक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

7- निजी व्यय से संजय गांधी हॉस्पिटल में बाटर कूलर ,स्ट्रेचर ,चेयर लगवाये गये।

8- रक्त दान महादान अभियान के तहत कई बार रक्तदान कराया गया लेकिन एक दिन में जबलपुर में सर्वाधिक 3 हजार से ज्यादा लोगो कों रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया गया गिनीड़ बुक ऑफ इंडिया जबलपुर के नाम रिकॉर्ड दर्ज हुआ कलेक्टर महोदय जबलपुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

9- पुलिस विभाग कों निःशुल्क डॉक्युमेंट्री फिल्म बना कर दी गई जिसमें (ष्ठत्) एडिशनल जनरल ऑफ पुलिस रीवा संभाग , कलेक्टर रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा शामिल रहे और पुलिस विभाग को ट्राफिक वालंटियर दिये

10 -निजी व्यय से 6 वर्षो से भूखे को भोजन ,प्यासे को पानी , ठंड में कंबल और बीमार को दवा दी जा रही।

11- 10 हजार से ज्यादा लोगो क़ा निःशुल्क मेडिकल कैम्प और टीकाकरण करवाया गया।

12- निजी व्यय से नेत्रहीन विद्यालय में संगीत का समान कंप्यूटर स्टूमेंट दिया गया। दिव्यांग ,नेत्रहीन, अनाथालय ,मूक बधिर ,वृद्ध आश्रम ,झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदों को भोजन कपड़ा और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही हैं।

13 - अनेकों निर्धन कन्याओं क़ा विवाह संपन्न करवाया गया।

सम्मान- 100 से ऊपर अवॉर्ड मिले चुके है त्रिपुरा राज्यपाल महोदय, राजस्थान राज्यपाल महोदय , कलेक्टर महोदय , कमिश्नर महोदय , एस पी ,वाइस चांसलर , मेडिकल कॉलेज के डीन, रेड क्रॉस और फिल्म इंडस्ट्री , सहित कई राज्यों के सामाजिक संगठन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

कुपवाड़ा में पास हथियारों का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया।

सेना ने शुक्रवार को बताया कि पांच एके राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद की यह बरामदगी सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन दिन तलाशी अभियान के दौरान हुई है। सेना ने सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि विभिन्न एजेंसियों की भारी मात्रा में हथियारों होने की खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना, बीएसएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने 15 से 23 अगस्त तक कुपवाड़ा के मछिल सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पांच एके रायफल, सात पिस्तौल, चार हैंड ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान अभी जारी था।

चीन के फ्रॉड को नहीं पकड़ सकी मोदी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि चीन का एक फ्रॉड गुजरात से महज नौ दिन में 1200 करोड़ रुपए लूटकर फरार हो गया लेकिन मोदी सरकार उसका बाल भी बांका न कर सकी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात में 'चीनी घुसपैठ' हुई है। चीन का एक नागरिक गुजरात आया और नौ दिन में लागों को 1400 करोड़ रुपये की चपत लगाकर गायब हो गया। उन्होंने कहा कि कमाल की बात यह है कि फ्रॉड की यह घाटना उस समय हुई जब खुद प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए गुजरात गये थे। प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए स्वाभाविक रूप से वहां सुरक्षा व्यवस्था उस दौर में बढ़ा दी गई होगी इसके बावजद् आखिर क्या हुआ कि 'चीनी फ्रॉड' लोगों को चूना लगाता रहा है औ गुजरात की पुलिस उस समय सोती रही। प्रवक्ता ने कहा, यह चीनी व्यक्ति गुजरात में केवल नौ दिन रहता है और 1200 लोगों से 1400 करोड़ रुपये की ठगी करके चुपचाप देश से भाग जाता है लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह उसे रोक नहीं सके। कुछ मीडिया रिपोर्टो से यह भी कहा गया है कि यह 'डैनी डाटा एप' घोटाला है जिसके माध्यम से उसने 4600 करोड़ रुपये तक की लूट की है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सरकारी एजेंसी ईडी, सीबीआई, एसएफआईओ आदि का इस्तेमाल करती है लेकिन उन चीनी घोटालेबाजों पर उसकी निगह नहीं जाती है जो भारतीयों को लूटते हैं और चुपचाप देश से भाग जाते हैं।

अजय राय बने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 के आम चुनाव से ठीक पहले पूर्व मंत्री अजय राय को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री राय को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने को कहा है।

पार्टी ने अब तक उत्तर प्रदेश कांग्रेस की बागडोर संभाल रहे प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा सभी क्षेत्रों के अध्यक्षों की पार्टी की मजबूती के लिए किए गये योगदान की सरहाना की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेता मानते हैं कि पार्टी ने राज्य विधानसभा में पांच बार विधायक रहे पूर्व मंत्री अजय राय को 2024 के आम चुनाव से पहले यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

रांची में बैल को बचाने कुएं में उतरे पांच की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

रांची। राजधानी रांची से लगभग 70 किमी दूर सिल्ली प्रखंड के मुरी ओपी क्षेत्र में कुएं की मिट्टी धंसने से पांच लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कुएं में बैल गिर गया था, जिसे बचाने सात लोग कुएं में उतरे थे। इसमें खबर लिखे जाने तक पांच लोगों के मारे जाने की खबर है जबकि दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सिल्ली के मुरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत पिस्का गांव में गुरुवार देर शाम यह घटना घटी। बताया जाता है कि बैल के कुएं में गिरने के बाद चार लोग कुएं में उतरे थे जबकि तीन लोग कुएं के बाहर रस्सी से उन्हें उतरने में मदद कर रहे थे।

भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी से जुड़े पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दादर और नागर हवेली और दमन और दीव में आयोजित भाजपा क्षेत्रीय पंचायत परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, ÷भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता एक ऐसा पद है (भाजपा में) जो जीवन भर हमारे साथ रहता है।'

प्रधानमंत्री ने भाजपा के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव को सुझाव दिया कि कैसे संगठन कार्यकर्ताओं की मदद से आप अपनी परफॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि साल भर में हमें 4-5 अवसर ऐसे निकालने चाहिए, जिसमें सरकार के नेतृत्व में, पंचायत के नेतृत्व में पूरे जिले का जन सामान्य उससे जुड़ जाए। प्रधानमंत्री ने सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में विकास के बारे में अपडेट साझा करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप सभी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं और एक-दूसरे के संपर्क में रहें। दूसरों को बताएं कि आपके जिले में क्या (विकास) हो रहा है और दूसरों के बारे में भी जानें। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि हमारे साथ हजारों की तादाद में जो हमारे पंच, सरपंच और जिला के सदस्य हैं उनका भी अभ्यास वर्क चल रहा है। ये सब हम चुनाव जीतने के लिए नहीं कर कर रहे हैं। ये सब हम इसलिए कर रहे है ताकि 2047 में हम विकसित भारत बना सकें। प्रधानमंत्री ने देश में गांवों और जिलों के विकास के लिए 'सामूहिक जिम्मेदारी' के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हम संगठन, मूल्यों और समर्पण में विश्वास करते हैं और हम सामूहिकता के संस्कारों के साथ सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते हैं और हमें दी गई जिम्मेदारी के लिए अपनी क्षमता और अपने कौशल को लगातार बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास व्यक्तिगत और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती शिखर पर जितनी है उससे ज्यादा नींव पर होती है। हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव जितनी मजबूत होगी, पल-पल लोकतंत्र को हम जीते होंगे। हम जनसमर्थन अधिक से अधिक प्राप्त करेंगे, हम नई बुलंदियों को प्राप्त करेंगे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा 30,000 से अधिक जिला पंचायत भवन बनाए गए हैं। पहले 70 हजार करोड़ रुपये का अनुदान मिलता था, आज वह 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। हम 30 हजार से ज्यादा नए जिला पंचायत भवन बना चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से मैंने एक बात कही थी 'पीएम विश्वकर्मा योजना'। 13 हजार करोड़ रुपये का एक प्रारंभिक बजट बनाया और पीएम विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी। 17 सितंबर को एक बड़ा समारोह करके इस योजना को आगे बढ़ाने वाले हैं। इससे 30 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा।।

हरियाणा सरकार की पानीपत रिफाइनरी को बड़ी सौगात, तीन गांवों की 349 एकड़ जमीन अधिग्रहण को दी मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा की मनोहर सरकार ने इंडियल ऑयल कॉर्पोरेशन की पानीपत रिफाइनरी के विस्तार के लिए साथ लगते तीन गांवों आसन कलां, खंडरा तथा बाल जाटान की 349 एकड़ पंचायती जमीन का अधिग्रहण करने को मंजूरी प्रदान कर दी है।

सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ स्थित उनके आवास पर हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली समेत संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

विस्तारीकरण के तहत आसन कलां की 140 एकड़, खंडरा की 57 एकड़ तथा बाल जाटान गांव की 152 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

जमीन भाव के अलावा रिफाइनरी अलग से 10 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से गांव के विकास कार्यों के लिए राशि का भुगतान करेगी।

उल्लेखनीय है कि पानीपत रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स 4200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित है। IOCL ने रिफाइनरी के विस्तार के लिए राज्य सरकार से लगभग 600 एकड़ जमीन देने का अनुरोध किया था जिसमें से 349 एकड़ जमीन सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

लोकसभा से निलंबित अधीर रंजन को बुला सकती है विशेषाधिकार समिति

नई दिल्ली। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को अपनी बात रखने का अवसर देने फैसला किया है। उन्हें 30 अगस्त को समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा जा सकता है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की आज बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक समिति ने कांग्रेस नेता को एक मौका देने का फैसला किया है। उन्हें समिति की 30 अगस्त को होने वाली बैठक में पेश होने के लिए कहा जा सकता है। सांसद सुनील सिंह विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। उनपर सदन की कार्यवाही में बार-बार व्यवधान डालने का मामला उठाया गया था।

बिबेक देबरॉय का बयान उनके अधिकार क्षेत्र का उल्लंघनः मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय के नये संविधान की वकालत करने संबंधी बयान को उनके अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। बसपा ने ट्वीट कर कहा ' आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकारक्षेत्र का खुला उल्लंघन है, जिसका केंद्र सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर जरूर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके।' मायावती ने आगे कहा 'देश का संविधान इसकी 140 करोड़ गरीब, पिछडी और उपेक्षित जनता के लिए मानवतावादी और समतामूलक होने की गारंटी है, जो स्वार्थी, संकीर्ण, जातिवादी तत्वों को पसंद नहीं और वे इसको जन विरोधी व धन्नासेठ-समर्थक के रूप में बदले की बात करते हैं जिसका विरोध करना सबकी जिम्मेदारी।' गौरतलब है कि श्री देबराय ने 'दि मिंट ' में एक लेख में लिखा कि एक नया संविधान अपनाने का आधार दिख रहा है और इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उनकी इस राय के चलते काफी लोग नाराज हो गए। देबरॉय को अरेस्ट करने की मांग की जाने लगी।

मायावती ने कहा 'देश का संविधान इसकी 140 करोड़ गरीब, पिछडी और उपेक्षित जनता के लिए मानवतावादी और समतामूलक होने की गारंटी है।'

बच्चों पर अच्छी शिक्षा के लिए दबाव नहीं बनाएं अभिभावक : कोविंद

सालासर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि अभिभावकों को अपने सपनों को साकार करने के लिए बच्चों पर अच्छी शिक्षा के लिए दबाव नहीं बनाया जन चाहिए ।

श्री कोविंद ने यहां त्रिवेणी देवी धनुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मां बाप अपना सपना अपने बच्चों पर थोपते है जिससे बच्चे तनाव में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिता अपने सपने अपने बच्चों में देखते हैं जिससे बच्चे तनाव में आ जाते हैं और आत्महत्या तक की घटनाएं होती है । उन्होंने कहा , 'आधुनिक शिक्षा में इससे बचने की जरुरत है। बच्चे अपना सपना देखें । अभिभावक अपना सपना न थोपें । शिक्षा के लिए बच्चों को फ्री हैंड दिया जाना चाहिए जिससे वे अच्छे इंसान बने।' श्री कोविंद ने तमिलनाडु की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक शिक्षण संस्थान का टॉप छात्र नीट की परीक्षा में फेल हो गया । दूसरी बार भी फेल होने पर उसने आत्महत्या कर ली । इसके कुछ दिन बाद उसके पिता ने भी आत्महत्या कर ली । उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे इंसान और नागरिक बनाना होता है । इससे लोगों का जीवन सुधार जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नए नए प्रयोग हो रहे हैं जिससे बेहतर मानव संसाधन तैयार होंगे । बेहतर शिक्षा से अच्छे अध्यापक , डॉक्टर , अधिकारी और अच्छे पति पत्नी भी बनते हैं। इससे अच्छे राजनेता भी बनते हैं।



उन्होंने अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि विदेशों में भारत मान्यता और ख्याति बढ़ी है। उन्होंने 33 देशों की यात्रा की थी और इस दौरान उन्होंने ऐसा महसूस किया । उन्होंने कहा कि कुछ देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री उनके साथ कार में जाने के लिए संवाद देते थे । उन्होंने कहा कि हाल ही में आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री को बॉस बताया जबकि दोनो एक दूसरे के समकक्ष थे ।उन्होंने कहा कि भारत एक महाशक्ति बन चुका है। कोरोना संकट के दौरान कुछ लोग इसका टीका आयात करने को बात करते थे जबकि देश ने इसका निर्माण करने का निर्णय किया । एक साल के अंदर टीका विकसित कर लिया गया और टीकाकरण शुरु भी हो गया । इसके साथ ही विदेशों को भी यह टीका दिया गया । बड़प्पन की पहचान उदारता से होती है ।

दिसंबर तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल :अमित शाह

नोएडा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल समूह के ग्रेटर नोएडा स्थित केंद्र में पहुंचे। वहां उन्होंने चार करोड़वां पौधा लगाया। पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर पौधरोपण का अभियान चलाने का निर्णय सरकार की ओर से लिया गया। तीन साल पहले विभागीय स्तर पर 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। अमित शाह ने कहा कि मंत्रालय में जब इस प्रकार की चर्चा हुई और अभियान को शुरू किया गया तो कई लोगों को संशय था। दिसंबर 2023 तक पांच करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल किए जाने को लेकर अधिकारियों में खुसर-फुसर होने लगी। मैं मंत्री था। मेरे सामने तो नहीं, मेरे पीछे यह बात होती थी कि आखिर हम 5 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को किस प्रकार पूरा कर पाएंगे। आज हमने चार करोड़वां पौधा लगाया। इसी के साथ मेरा भरोसा पुख्ता हो गया है कि दिसंबर तक हम 5 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे को देश ही नहीं वैश्विक स्तर पर उठाया है। इसके लिए प्रयासों की अगुआई की है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि सीआरपीएफ के जवानों ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पौधे लगाए। चार करोड़वां पीपल का पौधा लगाने का मुझे सौभाग्य मिला। यह एक उपलब्ध हमने हासिल की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश की आंतरिक शांति स्थापित करने में अपनी भूमिका साबित कर चुकी है। अब यह बल लोगों की सांस को बरकरार रखने में अपनी भूमिका निभा रही है। अमित शाह ने कहा कि जब हम एक पेड़ लगाते हैं, तो हम नई पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था कर रहे होते हैं।

हमने इसी मनोभाव के साथ इस अभियान को चलाया है। ओजोन लेयर में छेद को सीमित करने के लिए पेड़ों की संख्या में वृद्धि जरूरी है। इसके लिए हमें काम करना होगा। पेड़ लगाकर ही हम ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या से निजात पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए जिस प्रकार से सीएपीएफ अग्रणी भूमिका निभाती है, उसी प्रकार से पर्यावरण सुरक्षा में भी यह बल अपनी भूमिका निभाएगी, यह हम उम्मीद करते हैं।

योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने वाई –20 शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को जी–20 के तहत चार दिवसीय वाई–20 (युवा सम्मेलन) का सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेटर में विधिवत दीप जलाकर उद्घाटन किया। सम्मेलन में आये विदेशी युवा मेहमानों को धर्म नगरी काशी की संस्कृति और अध्यात्म से रूबरू कराने के लिए प्रसिद्ध गंगाघाटों के साथ दो मिनट का लघु वीडियो भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री के विधिवत उद्घाटन के बाद चार दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में जलवायु परिवर्तन,कार्य का भविष्य÷ उद्योग 4.0, नवाचार और 21वीं सदी के कौशल, शांति निर्माण और सुलह÷ युद्ध रहित युग की शुरुआत, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण÷ स्थिरता को जीवन का एक तरीका बनाना और साझा भविष्य÷ लोकतंत्र और शासन में युवा और स्वास्थ्य, भलाई और खेल÷ युवाओं के लिए एजेंडा पर चर्चा होगी। इसके पहले पूर्वाह्न में 20 देशों के 125 डेलीगेट्स कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वाहनों के काफिले में तारांकित होटल से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर पहुंचें। उदघाटन सत्र के बाद दूसरे सत्र में आईआईटी बॉम्बे के डॉ. कवि आर्य का 'कार्य और नौकरी सृजन का भविष्य' पर विशेष व्याख्यान होगा। इसके बाद उद्यमियों को सलाह और काम का भविष्य विषयक सत्र में विशेषज्ञ जानकारियां साझा करेंगे। पांचवें सत्र में आईआईटी (बीएचयू) की ओर से %स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर खास सत्र होगा। जिसमें बीएचयू के छात्र अपनी प्रतिभा से बनाए मॉडल और प्रयोग दिखाएंगे। गौरतलब हो कि वाराणसी में आयोजित वाई–20 शिखर सम्मेलन पिछले कुछ महीनों के दौरान हुई चर्चाओं के निष्कर्षों से बनाई गई वाई 20 विज्ञप्ति पर बातचीत करने, अंतिम रूप देने और हस्ताक्षर करने के लिए जी–20 देशों के युवा विशेषज्ञों, निर्णय निर्माताओं और युवा प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा। यह वाई 20 विज्ञप्ति पांच पहचाने गए विषयों को कवर करते हुए भारत की आम दृष्टि के सार को प्रदर्शित करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि युवाओं की आवाज उन लोगों द्वारा सुनी जाए जो उच्चतम स्तर के नीतिगत निर्णय लेते हैं।

ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह भगोड़ा करार

चंडीगढ़। ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस (एआईजी) राजजीत सिंह को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को मोहाली की जिला अदालत ने एआईजी को भगोड़ा करार दिया है। कोर्ट ने पिछले माह राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी। पंजाब पुलिस ने एआईजी राजजीत के खिलाफ ड्रग्स मामले में केस दर्ज किया है। इसके बाद से ही फरार होने के बाद से उनकी तलाश के लिए पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। बर्खास्त एआईजी की धरपकड़ के लिए एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने प्रदेश समेत अन्य राज्यों में छापमारी की, लेकिन लंबे समय से उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। राजजीत सिंह पर कई जिलों में एसएसपी रहते हुए ड्रग्स तस्करों से सांठगांठ का आरोप है। एआईजी पर तरनतारन में एसएसपी रहते हुए नशे के मामलों की जांच हेड कांस्टेबल इंद्रजीत से करवाने का आरोप है। यह भी दावा किया जा रहा है कि एआईजी की मदद करने वाले अधिकारियों की जानकारी पंजाब सरकार के पास है, लेकिन जांच जारी होने के चलते इन नामों को सार्वजनिक नहीं किया गया। राजजीत सिंह को आपराधिक साजिश, रिकॉर्ड में हेराफेरी व जबरन वसूली की धाराओं के तहत भी नामजद किया गया है। मोहाली कोर्ट ने 1 जुलाई को राज्य की पुलिस को ड्रग तस्करी और भ्रष्टाचार से जुड़े केस में फरार चल रहे राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी।

एआईजी पर तरनतारन में एसएसपी रहते हुए नशे के मामलों की जांच हेड कांस्टेबल इंद्रजीत से करवाने का आरोप है।

चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी ने न्यूयॉर्क में मांगा दिवालियापन संरक्षण, 300 अरब डॉलर का है कर्ज

बीजिंग। चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रांडे ग्रुप जिसकी चूक ने दो साल पहले देश में व्यापक संपत्ति ऋण संकट को तेज किया था ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में चेप्टर 15 के तहत दिवालियापन संरक्षण की मांग की। यह कदम इसे अमेरिका में लेनदारों से बचाएगा, इस दौरान कंपनी पुनर्गठन सौदे पर काम कर रही है। चीन की रियल एस्टेट कंपनी की ओर से अध्याय 15 के तहत दायर याचिका में हांगकांग और केमैन द्वीप समूह में की जा रही पुनर्गठन कार्यवाही का संदर्भ दिया गया है।अंतरराष्ट्रीय ऋण-पुनर्गठन सौदों को कभी-कभी लेनदेन को अंतिम रूप देने के दौरान अध्याय 15 के तहत फाइलिंग की आवश्यकता होती है। पिछले साल, बीजिंग स्थित डेवलपर मॉडर्न लैंड चाइना कंपनी ने भी 250 मिलियन डॉलर के बॉन्ड को चुकाने में विफल रहने के बाद अध्याय 15 के तहत दिवालियापन के लिए आवेदन किया था और कहा था कि यह एक अपतटीय ऋण पुनर्गठन सौदे के साथ आगे बढ़ेगा।

एवरग्रांडे की ओर से दिवालियापन के लिए आवेदन की खबर का चीन की 60 ट्रिलियन डॉलर की वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा यह बैंकों, ट्रस्टों और लाखों घर मालिकों में हलचल पैदा कर सकता है। यह देश के सबसे बड़े ऋण पुनर्गठन में से एक होगा। 300 अरब डॉलर से अधिक की देनदारियों के विशाल आकार का मतलब है कि ऋण पुनर्नगठन की प्रक्रिया लंबी होनी निश्चित है।देश के सबसे बड़े प्रॉपर्टी डेवलपर्स में से एक कंट्री गार्डन होल्डिंग्स कंपनी के बिल्डरों के रिकॉर्ड ऋण विफलताओं के बीच संभावित पहली चूक की ओर बढ़ने के बाद इस महीने चीनी बाजारों के प्रति धारणा प्रभावित हुई।

बैंकों की ओर से लोन डिफाल्ट होने पर दंडात्मक ब्याज लगाने पर रोक, एक जनवरी 2024 से प्रभावी होगा नियम

बीजिंग। बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में दंडात्मक ब्याज का इस्तेमाल करने की परंपरा से चिंतित रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को संशोधित नियम जारी किए, जिसके तहत ऋण चुकाने में चूक के मामले में बैंक केवल 'उचित' दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने 'ऋण खातों में उचित ऋण प्रथा-दंड शुल्कध पर अपनी अधिसूचना में कहा कि बैंकों और अन्य ऋणदाता संस्थानों को एक जनवरी 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, 'कर्जदार की ओर से ऋण अनुबंध के नियमों और शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर यदि जुर्माना वसूला जाता है तो उसे 'दंडात्मक शुल्क' माना जाएगा और इसे 'दंडात्मक ब्याज' के रूप में नहीं लगाया जाएगा जो अग्रिमों पर लगाए जाने वाले ब्याज की दर में जोड़ा जाता है।आरबीआई की ओर से जारी संशोधित नियम में कहा गया है कि दंडात्मक शुल्क की मात्रा किसी विशेष ऋण/उत्पाद श्रेणी के भीतर भेदभाव किए बिना ऋण अनुबंध के भौतिक नियमों और शर्तों के उचित और गैर-अनुपालन के अनुरूप' होनी चाहिए। इसके अलावा, दंड शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा- इस तरह के आरोपों पर आगे ब्याज की गणना नहीं की जाएगी।आरबीआई ने कहा कि हालांकि, ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाहरी वाणिज्यिक उधार, व्यापार क्रेडिट और संरचित दायित्वों पर लागू नहीं होंगे, जो उत्पाद-विशिष्ट निर्देशों के तहत आते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि उसकी ओर से विनियमित कई इकाइयां कर्जदार की ओर से चूक या अनुपालन नहीं करने के मामले में लागू ब्याज दरों के अलावा दंडात्मक ब्याज दरों का इस्तेमाल करती हैं।

जीवन बीमा पॉलिसी की परिपक्वता राशि पर टैक्स, सीबीडीटी बोली- पांच लाख से ज्यादा प्रीमियम दायरे में

नई दिल्ली : आपने एक अप्रैल, 2023 या उसके बाद जीवन बीमा पॉलिसी ली है तो परिपक्वता रकम पर टैक्स देना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इसके टैक्स की गणना का सर्कुलर जारी किया है। जिन पॉलिसियों का सालाना प्रीमियम पांच लाख से ज्यादा है, वे दायरे में आएंगी। यूनिट लिंकड पॉलिसी इससे बाहर होंगी।

सीबीडीटी के मुताबिक, अगर एक से ज्यादा पॉलिसी है और सभी का सालाना प्रीमियम 5 लाख रुपये से ज्यादा है, तो उस पॉलिसी की भी परिपक्वता राशि पर टैक्स लगेगा। 31 मार्च, 2023 तक जिन्होंने पॉलिसी ली है वे नए नियम के दायरे में नहीं आएंगे। यदि बीमाधारक की पॉलिसी अवधि के दौरान मौत हो जाती है तो नॉमिनी को जो राशि (मृत्यु लाभ) मिलेगी वह भी टैक्स से बाहर होगी। परिपक्वता राशि में से कुल चुकाए गए प्रीमियम को घटाने के बाद जो राशि बचेगी उस पर टैक्स लगेगा। इसकी गणना अन्य साधनों से होनेवाली आय के तहत की जाएगी। बीमाधारक को उस राशि पर टैक्स स्लैब के अनुसार कर चुकाना होगा। आपने चुकाए गए प्रीमियम पर हर एक वित्त वर्ष में 80सी के तहत कटौती का फायदा लिया है तब कर की गणना बदल जाएगी।

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के

पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 84.31 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.37 फीसद की उछाल के साथ 80.69 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

जून में 20.27 लाख नए श्रमिकों का ईएसआई योजना में नामांकन

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से जून, 2023 के महीने में 20.27 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि जून महीने में 20.27 लाख नए श्रमिकों ने ईएसआई योजना के तहत नामंकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक जून के महीने में लगभग 24,298 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसे कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया है, जिससे अधिक कवरेज सुनिश्चित हुआ है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक जून महीने के दौरान जोड़े गए कुल 20.27 लाख कर्मचारियों में से 25 साल के 9.77 लाख कर्मचारी हैं, जो कुल कर्मचारियों का 48.22 फीसदी है। इसी तरह जून में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.87 लाख रहा है। इसके अलावा जून में ईएसआई योजना के तहत कुल 71 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया है। मंत्रालय ने कहा कि ये आंकड़ा दिखाता है कि ईएसआईसी समाज के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ रुपया

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आई कमजोरी और निराशा के माहौल के बीच भारतीय मुद्रा में भी आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। आज दिनभर के कारोबार के बाद डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे की गिरावट के साथ 83.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय मुद्रा 82.95 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 4 पैसे की कमजोरी के साथ 82.99 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया लगातार कमजोर होता गया। डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण आज रुपये की स्थिति में कभी भी सुधार के लक्षण नजर नहीं आए। आज के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया

गिरकर 83.19 के स्तर तक पहुंच गया था, लेकिन आखिरी वक्त में डॉलर की मांग में मामूली कमी आने की वजह से भारतीय मुद्रा निचले स्तर से कुछ सुधर कर 83.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई। आपको बता दें कि डॉलर इंडेक्स आज 103.60 से लेकर 103.46 के बीच ऊपर नीचे होता रहा है। ये इंडेक्स आज लगातार चौथे दिन 103 के स्तर पर बना हुआ है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि पिछले 4 महीने के दौरान डॉलर इंडेक्स कभी भी 100 के स्तर से नीचे नहीं गया है, जिसकी वजह से रुपया समेत दूसरी सभी वैश्विक मुद्राओं पर लगातार दबाव बना हुआ है।

भारतीय मुद्रा के अलावा एशिया की दूसरी मुद्राएं भी आज डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ कारोबार करती रहीं। सिंगापुर का डॉलर आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.13 प्रतिशत कमजोर हो गया। इसी तरह थाईलैंड की मुद्रा बात भी आज डॉलर के मुकाबले 0.21 प्रतिशत टूट गई। इसी तरह फिलीपीन्स की मुद्रा पेसो और चीन की मुद्रा रेन्मिन्बी में भी 0.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण आज सबसे ज्यादा 0.39 प्रतिशत की गिरावट मलेशिया की मुद्रा रिंगीत में दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कोरियाई मुद्रा वॉन भी आज 0.35 प्रतिशत लुढ़क गई।

जल्द मिलेगी राहत, घट सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें; एक लाख करोड़ रुपये आवंटन की सरकार की योजना

नई दिल्ली । हंगे पेट्रोल और डीजल से लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। भोजन और ईंधन की लागत में वृद्धि को रोकने के लिए सरकार एक लाख करोड़ का आवंटन कर सकती है। विभिन्न मंत्रालयों के बजट से इस रकम को आवंटित करने की योजना पर विचार हो रहा है। सरकारी सूत्रों ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले हफ्तों में इस पर निर्णय ले सकते हैं।इस योजना के तहत पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर कर को कम किया जा सकता है। साथ ही खाना पकाने के तेल और गेहूं पर आयात शुल्क भी कम हो सकता है। सरकार ने पिछले साल 26 अरब डॉलर की योजना की घोषणा की थी। आम लोगों को राहत देने और जरूरी वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इस बार भी फैसला लिया जा सकता है। महंगाई लगातार मुद्दा बनी हुई है। जुलाई की खुदरा महंगाई बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे भी ज्यादा चिंता की बात सब्जियों और खाद्य पदार्थों की कीमतें थीं, जो बेतहाशा बढ़ी हैं।सूत्रों के मुताबिक, चूंकि इस साल देश के कुछ राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव और अगले साल आम चुनाव होने हैं। ऐसे में मोदी के पास मतदाताओं के लिए कीमतों पर लगाम कसने के लिए बस कुछ ही महीने बचे हैं। हालांकि, इस तरह के फैसले लेने से पहले बजट घाटे को भी देखना होगा, जिस पर पूरी दुनिया के निवेशकों की नजर है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है। ऐसे में सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये के आवंटन करने की क्षमता है। यह मार्च, 2024 में खत्म होने वाले बजट का केवल दो फीसदी है। सरकार बजट घाटे के लक्ष्य पर कायम रहते हुए गरीबों के लिए सस्ता कर्ज और घर उपलब्ध कराने की भी योजना पर विचार कर सकती है।

आरबीआई ने बैंकों में लावारिस पड़ी जमा राशि के लिए उद्गम पोर्टल किया लॉन्च

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बिना दावे वाली (लावारिस) जमा राशि की खोज करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल 'उद्गम' लॉन्च किया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट-गेटवे टू एक्सेस इंफॉर्मेशन) लॉन्च किया। इस वेब पोर्टल को जनता के उपयोग के लिए विकसित किया गया है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी लावारिस पड़ी जमा राशि की खोज करना और आसान हो सके। रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक इस वेब पोर्टल के लॉन्च होने से उपयोगकर्ताओं को अपनी लावारिस जमा राशि और बैंक खातों की पहचान करने में

मदद मिलेगी। आरबीआई ने 06 अप्रैल को विकासात्मक और नियामक नीतियों पर वक्तव्य के हिस्से के रूप में लावारिस जमा राशि की खोज के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल के विकास की घोषणा की थी।

इस वेब पोर्टल को जनता के उपयोग के लिए विकसित किया गया है, ताकि उन्हें एक ही स्थान पर कई बैंकों में अपनी लावारिस पड़ी जमा राशि की खोज करना और आसान हो सके।

उद्गम वेब पोर्टल को रिजर्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड (आरईबीआईटी) और भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाओं (आईएफटीएएस) तथा भाग लेने वाले बैंकों ने विकसित करने में सहयोग किया है। इस वेब पोर्टल का उपयोग करने वाले फिलहाल उपलब्ध सात बैंकों स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड, साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड और सिटी बैंक में अपनी लावारिस जमा राशि का विवरण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इस पोर्टल पर शेष बैंकों की खोज सुविधा चरणबद्ध तरीके से 15 अक्टूबर तक उपलब्ध कराई जाएगी।

गुलामी की मानसिकता छोड़ने से ही 2047 तक विकसित देश बनेगा भारत : सीतारमण

भुवनेश्वर/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि गुलामी वाली मानसिकता छोड़कर ही 2047 तक भारत का विकसित देश बनने का सपना साकार होगा।ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर देर रात भुवनेश्वर पहुंची सीतारमण ने सुबह जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीतारमण ने ओडिशा के पुरी में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत 'पंच प्रण प्रतिज्ञा' में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में हमारे अंदर पैदा की गई गुलामी की मानसिकता से खुद को मुक्त करने की जरूरत है, तभी भारत 2047 तक विकसित देश बन सकेगा। ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर देर रात भुवनेश्वर पहुंची सीतारमण ने

सुबह जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा, स्थानीय विधायक जयंत सारंगी और ललितेंदु विद्याधर महापात्र मौजूद थे।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ओडिशा के पुरी में 'मेरी माटी, मेरा देश' के तहत पौधरोपण अभियान और 'पंच प्रण प्रतिज्ञा' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संबित पात्रा के साथ ओडिशा के पुरी में ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक की 'मेरी माटी मेरा देश' थीम पर तैयार रेत कला देखी।दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर भुनेश्वर पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम और राष्ट्रीय सीए सम्मेलन के 20वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में भी शिरकत करेंगी।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में 29 हजार डॉलर के नीचे फिसला बिटकॉइन, सभी प्रमुख आभासी मुद्राओं में गिरावट

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान लगातार दूसरे दिन भी भगदड़ की स्थिति बनी नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल बिटकॉइन और एथेरियम समेत सभी 10 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। बिटकॉइन लुढ़क कर 29 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत 1.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ

28,578.25 डॉलर यानी 23.74 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम की कीमत 1.63 प्रतिशत टूट कर 1,792.25 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.04 प्रतिशत, बीएनबी 1.29 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.18 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.03 प्रतिशत, कार्डानो 0.42 प्रतिशत, डोजेकॉइन 3.37 प्रतिशत, सोलाना 0.62 प्रतिशत और ट्रॉन 1.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.51 प्रतिशत की कमजोरी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.13 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 93.87 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मार्केट में सुस्ती के बावजूद 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में करीब 3,557 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.95 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन-देन का ये स्तर 9.44 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी 0.11 प्रतिशत घट कर 49.01 प्रतिशत रह गई है।

2047 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय पांच गुना बढ़ेगी,आईटी रिटर्न दाखिल करने वाले 588फीसदी ज्यादा होंगे

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 47 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय डॉलर के संदर्भ में लगभग पांच गुना बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि देश के मध्यम आय वर्ग का आकार लगातार बढ़ रहा है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार, देश की प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2023 के 2,500 डॉलर (2 लाख रुपये) से बढ़कर वित्त वर्ष 2047 तक 12,400 डॉलर (14.9 लाख रुपये) होने की उम्मीद है। एसबीआई रिसर्च ने एक नोट में कहा कि यह वृद्धि 'ग्रेट इंडियन मिडिल इनकम क्लास' से प्रेरित होगा, जिसमें 2047 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष तक 25त्न करदाताओं के निम्नतम आय वर्ग से मध्यम और उच्च आय वर्ग में जाने की उम्मीद है।

कामगारों की संख्या 53 करोड़ से बढ़कर 72.5 करोड़ होने का अनुमान

नोट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 47 तक आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 588 प्रतिशत बढ़कर

48.2 करोड़ होने की उम्मीद है, जिससे कर योग्य आधार वाले कार्यबल में इसकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023 के 22.4फीसदी प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 47 में 85.3त्न प्रतिशत हो जाएगी। वित्त वर्ष 47 में कामगारों की संख्या 53 करोड़ से बढ़कर 72.5 करोड़ होने का अनुमान है।

एसबीआई रिसर्च के अनुसार मध्यम वर्ग की भारित औसत आय आकलन वर्ष 2014 (वित्त वर्ष 2013) की तुलना में 4.4 लाख रुपये से बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है। एसबीआई ने कहा कि 2047 में यह बढ़कर 49.7 लाख रुपये होने की उम्मीद है। यह विशेष रूप से करदाताओं की संख्या में वृद्धि के कारण संभव होगा क्योंकि अधिक करदाता निम्न आय वर्ग से ऊपर की ओर जा रहे हैं।

64 फीसदी आबादी अब भी 5 लाख रुपये तक की आय वर्ग में

आकलन वर्ष 23 (वित्त वर्ष 2022) में 6.85 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया, जिसमें 64 फीसदी आबादी अब भी 5 लाख रुपये तक की आय वर्ग में है, जबकि आकलन वर्ष 2012 में यह आंकड़ा 84 फीसदी था। वित्त वर्ष 47 तक 25 फीसदी आयकर रिटर्न भरने वालों के सबसे कम आय वर्ग छोड़ने की उम्मीद है, जबकि आकलन वर्ष 2012 से 2023 की अवधि में 13.6त्न फीसदी लोगों ने नौकरी छोड़ी है।

समाजसेवी राजेश ऐरन कांग्रेस के हुये, कमलनाथ के समक्ष ली सदस्यता

ग्वालियर। शहर के जाने-माने समाजसेवी राजेश ऐरन ने अनिल गर्ग एवं मुकेश सिंघल के साथ भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर ग्वालियर दक्षिण से कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रवीण पाठक उपस्थित थे ।विधायक पाठक ने इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर उक्त लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपका कांग्रेस परिवार में स्वागत है । विधायक पाठक ने कहा कि आज ग्वालियर शहर के प्रख्यात समाजसेवी, पिछ्ले दो दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग कार्यशैली एवं नम्र व्यवहार के चलते सभी के बीच अनूठी पहचान रखने वाले राजेश ऐरन ने अनिल गर्ग एवं मुकेश सिंघल के साथ ग्वालियर दक्षिण में हो रहे बदलाव को अपना आशीर्वाद देने और म.प्र. में सबसे खूबसूरत विधानसभा ग्वालियर दक्षिण को बनाने के मेरे प्रयासों को नई ताकत प्रदान करते हुए हमारे नेता कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में लिया मतदाता सूची पुनरीक्षण का जायजा

दैनिक पुष्पंजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के संशोधन तथा परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 2 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में कर दिया गया है। मतदाता सूची में फार्म 6 में आवेदन देकर पात्र व्यक्ति 31 अगस्त तक अपने नाम मतदाता सूची शामिल करा सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 51, 52, 53 तथा 54 का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदाता सूची के संशोधन एवं परिवर्तन के लिए किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में 19 अगसत एवं 20 अगस्त को विशेष शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में एक अक्टूबर 2023 की तिथि में 18 साल की आयु पूरा करने वाले सभी युवाओं के फार्म 6 में आवेदन लेकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराये। सभी छूटी हुई महिलाओं और बेटियों के नाम भी मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करायें। बीएलओ को 31 अगस्त के बाद इस बात का प्रमाण पत्र देना है कि उनके मतदान केन्द्र में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल कराने से शेष नहीं है इस लिए घर-घर जाकर छूटे हुए व्यक्तियों का आवेदन लेकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करायें। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 107, 108 तथा 109 में लगाये गये शिविरों का जायजा लिया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस गोकले, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

भाजपा है झूठी, खा रहें है रोटी सूखी : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा त्रिमूर्ती चौराहा, हेम सिंह की परेड से प्रारंभ हुई जो कि माधौगंज थाने पर समाप्त हुई।शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक ने जगह-जगह घरों और बस्तियों में पहुचंकर जनसंवाद करते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल में मंहगाई ने रिकोर्ड तो? दिया है देसी घी 700 रू किलो हो गया है, गरीब वर्ग सूखी रोटी खाने को मोहताज हो गया है, कैसे कमांए और कैसे खांए के लिए परेशान हो गया है, उपर से भाजपा ने यूवांओ को बेरोजागर कर दिया है, स?को को खोद कर डाल दिया है, 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विजयश्री बनाएं।परिवर्तन यात्रा में कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटल, आनंद शर्मा, भैयालाल भटनागर, संजय फ?तरे, अंसार खान, विजय शर्मा, मंगल यादव, कपिल पाल, असलम खान, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, शब्बर खान, सागर खरे, चेतन भार्गव, सायरा बानो, भागीरथ बाबा, नीरज गुर्जर, जितेन्द्र यादव, संजय शाक्य सहित अनेक कांग्रेस जन सम्मलित थे।

खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी के इंजन में लगी आग, मची अफरा-तफरी

ग्वालियर में स्थित सिथौली रेलवे स्टेशन पर खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन में आग लगने से हड़कंप मच गया। उदयपुर से खजुराहो जा रही ट्रेन (19666) जब सिथौली रेलवे स्टेशन पर पहुंची और उसके बाद ट्रेन की इंजन से धुआं उठने लगा। ट्रेन के इंजन से धुआं निकलने के बाद ट्रेन चालक ने ट्रेन को मौके पर रोका और उसके बाद दोनों ट्रेन चालक इंजन से कूद गए। धुआं उठने की जैसे ही खबर पूरी ट्रेन में लगी तो उसके बाद अफरा-तफरी मच गई और सभी यात्री डिब्बों से बाहर निकल गए। बता दें उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी ट्रेन नंबर 19666 ग्वालियर रेलवे स्टेशन के बाद खजुराहो के लिए रवाना हुई। जैसे ही यह ट्रेन सिथौली रेलवे स्टेशन से आगे गुजर रही थी वैसे ही अचानक ट्रेन के इंजन से धुआं उठने लगा। ट्रेन के इंजन में धुआं उठने के बाद इंजन में मौजूद दो लोको पायलट ने ट्रेन को रोका और उसके बाद वह इंजन कूद गए। थोड़ी देर बाद आग लगने की सूचना ट्रेन में फैल गई और उसके बाद डिब्बों में मौजूद सभी यात्री बाहर निकल आए तो वहीं एसी कोच के यात्रियों ने डिब्बों के कांच फोड़कर बाहर निकाले। सूचना मिलने के बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए ।

अस्पताल में महिला मरीज को छेड़ा, विरोध करने पर तमंचा लहराकर दी धमकी

मरीज, डॉक्टर एवं स्टाफ की सुरक्षा खतरे में, आरोपी गलेथा गांव के रहने वाले

मुरैना। जिला अस्पताल में पुलिस चौकी एवं अस्पताल के द्वारा सुरक्षा में तैनात अनेक गार्ड की मौजूदगी के बाद भी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग अस्पताल में दाखिल होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं जिससे मरीजों में दहशत व्याप्त है। जिला अस्पताल मुरैना अब पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है। यहां कभी भी कोई भी वारदात हो सकती है तथा सुरक्षा गार्ड के नाम पर खानापूर्ति की गई है। शनिवार की सुबह मेडिकल वार्ड में चार युवकों ने मरीज को देखने के बहाने भर्ती महिला पेशेंट को छेड़ा और विरोध करने पर उसके भाई को कट्टा दिखाकर धमकी दी। उक्त घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस द्वारा एफ आई आर दर्ज करते हुए आरोपियों की शिनाख्त कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी मोनू पाराशर की सिस्टर मेडिकल वार्ड में भर्ती थी, जहां बगल से ही गांव सांगोली की एक महिला भी भर्ती थी। शनिवार की सुबह चार युवक उक्त महिला को देखने आए,

सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर ने माननीय मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन माननीय विधायक डा सतीश सिंह सिकरवार को दिया।

ग्वालियर।पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर के मंत्री श्री के के सी शर्मा ने पे्स विज्ञप्ति में बताया कि पेंशनर महासंघ मध्यप्देश के निर्देशो के अनु पालन में सभी विधायको के द्वारा माननीय मुख्य मंत्री मध्यप्देश शासन को ज्ञापन दिया जाए तदानुसार माननीय विधायक डा सतीश सिंह सिकरवार जी को महासंघ के पृतिनिधि मंडल ने नौ सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन दिया।मुख्य मांगे पृदेश के कर्मचारियो की भांति 42पृतिशत डी आर एवं आयुष्मान योजना का लाभ दिया जावे। तथा पेंशनरो के वकाया एरियर का भुगतान किया जावे पृमुख है।माननीय विधायक जी ने अपना मुख पत्र लेखकर माननीय मुख्य मंत्री मध्यप्देश शासन को लेख कर पृति पृतिनिधि मंडल को उपलब्ध करायी।पृतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष श्री विवेक दीक्षित जिला मंत्री श्री के सी शर्मा जिला कोषाध्यक्ष श्री राम कुमार गुप्ता पृमुख रूप से रहे।उपरोक्त जानकारी पृकाशनार्थ जिला मंत्री के सी शर्मा ने पृकाशनार्थ पे्स को दी।

आपसी मतभेदों को दूर करना और मन में प्रेम पैदा करना ही स्नेह यात्रा का पवित्र उद्देश्य - स्वामी वेदतत्वानंद जी महाराज

रौन विकास खण्ड के 20 ग्रामों में होकर भिण्ड पहुंची स्नेह यात्रा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । यदि हमें स्नेह यात्रा को सफल बनाना है तो आपसी मतभेदों को तिलांजलि देनी होगी, तभी सही मायने में इस यात्रा की सार्थकता होगी। इसलिए आप सभी सारे द्वेष, विद्वेष और कटुता को भुलाकर आपस में स्नेह का मार्ग प्रशस्त करें। मध्यप्रदेश शासन की यही मंशा है। यह बात आचार्य शंकर न्यास पीठ से पधारे स्वामी श्री वेदतत्वानंद जी महाराज ने कही। वे जिले में चौथे दिन रौन विकासखंड में संचालित स्नेह यात्रा में बोल रहे थे।रौन स्तिथ मेंहदवा मंदिर प्रांगण में बोलते हुए स्वामी जी ने कहा मध्यप्रदेश शासन द्वारा निकाली जा रही स्नेह यात्रा में आप सभी लोग इसकी मूल अवधारणा को समझकर कार्य करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों में प्रेम भाव का संदेश जा सके। आज इस ग्राम में आकर मैं अविभूत हूं। हमने सुना है इस ग्राम से 400 शिक्षक निकले हैं यह अपने आप में अभिवूत करने वाला है। महाराज जी ने संस्कृत स्कूल का निरीक्षण किया और बच्चों से चर्चा की। शासन की इस यात्रा का उद्देश्य पूर्ण हो जाएगा। यह यात्रा प्रत्येक दिन लगभग 10 वंचित ग्रामों से निकल रही है।भिण्ड जिले के रौन विकासखंड में स्नेह यात्रा निरंतर है इस दौरान तीसरे दिन यात्रा जब लहार से आरंभ हुई। जनपद ऑफिस लहार में सीईओ अखिलेश शर्मा ने स्वागत किया इसके बाद बिरखड़ी में स्वागत हुआ। ग्राम नौधा में संवाद, ग्राम गौरई, रौन नगर, चनावली में लघु संवाद, ग्राम मेहदवा, इंदुर्खी में संवाद उपरांत ग्राम ररूआ नम्बर 01 में दोपहर भोज हुआ। ग्राम मानगड़, परसाला, बघेली बहादुर पुरा और मेहंदा में स्वागत होते हुए यात्रा भिण्ड में पहुंची।यात्रा के प्रति ग्रामीणों में काफी उत्साह है। स्वामी जी के द्वारा समस्त ग्रामों में ग्रामवासियों को आपसी प्रेम, सहयोग, स्नेह साथ ही जातिपांति, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छूआ-छूत इन सबसे ऊपर उठकर सभी को सामूहिक रूप से समाज में सामूहिकता से रहने का संदेश दिया जा रहा है। इस यात्रा में प्रयाग से पधारे श्री स्वामी सुरेश गिरी नागा महाराज का आशीर्वाद भी लोगों को प्राप्त हो रहा है।ज्ञातव्य है उक्त यात्रा में प्रमुख संत के रूप में आदिगुरु शंकर न्यास पीठ के दशनामी पीठ के संत स्वामी श्री वेदतत्वानंद जी महाराज (राजकीय अतिथि) का मार्गदर्शन जनमानस को प्राप्त हो रहा है। यात्रा में जिला प्रशासन के साथ-साथ गायत्री परिवार, पतंजलि, रामचंद्र मिशन, अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिवप्रताप सिंह भदौरिया जिला समन्वयक जन अभियान परिषद भिण्ड, विकास खण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी तथा विकास खण्ड लहार के समस्त मेंटर, समस्त सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

बाइकर्स गैंग से शहर में खौफ , पहले सिविल लाइन फिर कुछ समय बाद नगर निगम के सामने दिया वारदात को अंजाम

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। रीवा में अपराधी बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, लोगो में बाइकर्स गैंग के कारण भय निर्मित हो रहा है, शनिवार को तो बाइकर्स गैंग ने शहर मे कोहराम मचा दिया। एक के बाद एक लूट की वारदात को अंजाम देते गए लेकिन पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई पहली घटना को सिविल लाइन थाना के सामने ही ट्यूशन से घर लौट रहे सौरभ के साथ घटी सौरभ ने बताया कि वह शिवसाई कोचिंग संस्थान में पड़ता है ट्यूशन पढ़ कर लौट रहा था समय लगभग 11ः00 बजे का था जैसे ही वह स्टार होटल के पास पहुंचा उसके मोबाइल में फोन आ गया मोबाइल पर बात करने लगा उसके पास बाइक में सवार तीन युवक आए और उसका मोबाइल छीन कर भाग गए सौरभ ने बताया की युवक मार्तंड स्कूल की तरफ मुड़ गए थे। इस घटना को ज्यादा समय भी नहीं हुआ की एक और वारदात को बाइकर्स गैंग ने अंजाम दे दिया। दूसरी वारदात नगर निगम के सामने की गई। शाहबाद आलम नाम के युवक को बाइकर्स गैंग ने लूट लिया। नगर निगम के सामने से वह पैदल ही भाई की दुकान जा रहा था। तभी पीछे से तीन युवक बाइक में आए और मोबाइल छीन लिए। युवक ने पहले इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाना में करने की कोशिश की लेकिन वहां से जानकारी मिली कि सिविल लाइन थाना लगता है। सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज कराने युवक पहुंचा। युवक ने बताया कि उसे समझ ही नहीं आया कि उसके साथ मोबाइल लूट हो गई। पहले लगा दोस्त लोग हैं मजाक कर रहे हैं। जम्मू मोबाइल लेकर भाग गए इसके बाद ही लूट का पता चला।

शुक्रवार को भी हुई थी वारदात-शुक्रवार की शाम को भी बाइकर्स गैंग ने बोदाबाग मार्ग में एक वारदात को अंजाम दिया था ऑटो में सवार होकर एक महिला सिरमौर चौराहा से बोदाबाग की तरफ जा रही थी। महिला ऑटो में किनारे ही बैठी थी। 56 क्वार्टर के सामने सड़क का निर्माण हो रहा है। यहां रास्ता खराब है ऐसे में ऑटो धीरे चल रही थी महिला अपना पर्स किनारे ही रखी थी। इसी का मौका देखकर बाइक से ऑटो के पास आए दो युवकों के छपट्टा मार कर पर्स छीन लिया गया था।

शहर में अपराधी बेखौफ, छात्र की मारपीट का वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

मुरैना। शहर के कोतवाली क्षेत्र में रंगदारी करने वाले अपराधी बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। एक पीड़ित छात्र शनिवार को कोतवाली पहुंचा और बताया कि उसकी मारपीट कर आधा दर्जन आरोपियों ने उसका वीडियो रिश्तेदारों को पहुंचा दिया और ब्लैकमेल कर रहे हैं। पुलिस द्वारा पीड़ित की रिपोर्ट पर से मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।बताया जाता है कि छात्र शिवम राठौर निवासी बाईपास रोड की गत दिवस माधौपुरा की पुलिया पर आधा दर्जन युवकों ने मारपीट कर दी तथा उसका वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम, फेसबुक पर डाल दिया एवं रिश्तेदारों को व्हाट्सएप कर छात्र को ब्लैकमेल करने लगे। पीड़ित छात्र ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस द्वारा युवक की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

रंगदारी एवं आशिकी की घटनाएं नए कोतवाल के लिए बनी चुनौती शहर में रंगदारी एवं आशिकी के मामलों को लेकर मारपीट एवं कट्टे से फायर किए जाने की घटनाएं कोतवाल के लिए बड़ी चुनौती बन गई है और इन पर रोक लगाने के लिए नए कोतवाल को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478